# हिन्दुस्तान

1936 सत्य · सार्थक · सर्वत्र

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

www.livehindustan.com

शनिवार
2 मार्च 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 54, 24 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.75 ● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण




नितिन गडकरी बोले, इस वर्ष के अंत तक यूपी की सड़कें अमेरिका जैसी होंगी
P-06






प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला बोला

# संदेशखाली पर मौन क्यों: मोदी

**आरामबाग (पश्चिम बंगाल), एजेंसियां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर पूरा देश गुस्से में है। वहीं, इंडिया गठबंधन महात्मा गांधी के तीन बंदर की तरह आंख, कान और मुंह बंद किए हुए है, उन्होंने संदेशखाली की घटनाओं पर चुप्पी साध रखी है।

मोदी ने हुगली जिले के आरामबाग में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मां, माटी और मानुष का ढोल पीटने वाली तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखाली की बहनों के साथ जो किया, उसे देखकर पूरा देश दुखी और गुस्से में है।

मोदी ने कहा, संदेशखाली के तृणमूल नेताओं ने हिंसा की सभी हदें पार कर दीं। वहां की महिलाओं ने ममता से मदद मांगी, लेकिन उन्होंने मदद की बजाय उन नेताओं की रक्षा के लिए वह सब कुछ किया जो वह कर सकती थीं।

मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मुझे दुश्मन नंबर-1 मानती हैं। आज जनता ममता दीदी से पूछ रही है- उनके लिए कुछ लोगों का वोट आपके लिए संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से भी ज्यादा हो गया।



धनबाद में शुक्रवार को एक जनसभा के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री ने दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के कारण प्रशासन को संदेशखाली के लोगों के सामने झुकना पड़ा और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करना पड़ा, जो लगभग दो महीने से फरार था।

**चोट का जवाब वोट से देना:** मोदी ने दावा करते हुए कहा, तृणमूल कांग्रेस का अहंकार जल्द टूट जाएगा। तृणमूल को भरोसा है कि उसे अल्पसंख्यकों का समर्थन हासिल है, लेकिन वो भी इस गुंडाराज के खिलाफ मतदान करेंगे। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में चोट का जवाब वोट से देना।

**सवाल पूछने से क्यों कतराते हैं:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सवाल करते हुए कहा कि वामपंथी और कांग्रेस नेता ममता से कठिन सवाल पूछने से क्यों कतराते हैं।

**72** सौ करोड़ की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया आरामबाग शहर में

## बेनामी संपत्ति बनाने वाले लोग चेत जाएं

**धनबाद।** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को धनबाद में भ्रष्टाचार को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा, झारखंड में कोयले के पहाड़ के बारे में सुना था, लेकिन नोटों का पहाड़ देख दंग हूं। जनता के पैसे पर मौज करने वालों के खिलाफ मोदी कार्रवाई करता है तो वो बहाने बनाते हैं। ऐसे बेनामी संपत्ति बनाने वाले चेत जाएं। › पैसा लौटाना होगा P07

# पूर्वानुमान : इस बार गर्मियों की शुरुआत से ही आग बरसेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को देश में गर्मी को लेकर चेतावनी जारी की। विभाग के अनुसार, इस साल गर्मी के मौसम में शुरुआत से ही तापमान अधिक गर्म रहने की संभावना है।

मौसम विभाग ने इसके लिए पूरे मौसम में अल नीनो प्रभाव पड़ने की आशंका जताई है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2024 में भारत के ज्यादातर हिस्सों में मार्च से मई के बीच अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि पूर्वोत्तर प्रायद्वीपीय भारत के राज्य तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी वाले दिनों की भविष्यवाणी की गई है। इसके अलावा, महाराष्ट्र और ओडिशा के कई हिस्सों में भी यही हालात देखने को मिल सकते हैं। हालांकि, उन्होंने देश में मार्च में सामान्य से अधिक बारिश (लगभग 117 प्रतिशत से अधिक) दर्ज होने की आशंका जताई है।

**जून के बाद अल नीनो का प्रभाव कम होगा:** महापात्र ने बताया, अल नीनो का प्रभाव गर्मी के मौसम में जारी रहेगा। जून से उसके प्रभाव में कमी की संभावना है। ला नीना की स्थितियां मानसून के दौरान स्थापित होने की संभावना है। मार्च में उत्तर और मध्य भारत में हीटवेव की स्थिति की उम्मीद नहीं है, लेकिन उसके बाद स्थिति में बदलाव के आसार हैं।

**अल नीनो:** अल नीनो के प्रभाव से मध्य प्रशांत महासागर में पानी अधिक गर्म हो जाता है, जिससे अधिक गर्मी, सूखा, कम बारिश की संभावना बनती है। › बारिश की संभावना P05



■ मार्च से मई के बीच अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा

**117** फीसदी बारिश मार्च में होने की उम्मीद जताई गई है

### मौसम में बदलाव के आसार

1. अल नीनो के प्रभाव से अधिक गर्मी पड़ सकती है। अल नीनों से प्रशांत महासागर का पानी गर्म हो जाता है।
2. जून से अल नीनो के प्रभाव में कमी आने की संभावना जताई गई है।
3. उत्तर और मध्य भारत में मार्च के दौरान हीटवेव की स्थिति नहीं होगी।


अंदर



ढाका में गुरुवार देर रात एक सात मंजिला इमारत में आग लगने से 46 लोगों की मौत हो गई ......P18



संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित जेट सूट रेस में प्रतिभागी आयरन मैन की तरह उड़ते दिखे ......P22


# बेंगलुरु के रेस्तरां में विस्फोट से दस घायल

■ जांच के दौरान पुलिस को संदिग्ध बैग मिला
■ इस क्षेत्र में कई बड़ी कंपनियों के दफ्तर हैं

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरू के रेस्तरां रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार को विस्फोट से दस लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, विस्फोट कम तीव्रता वाले आईईडी से हुआ। डिवाइस एक ग्राहक के बैग के अंदर रखी गई थी।

धमाके का संदेह 28-30 साल के युवक पर है, जो जिसने रवा इडली का ऑर्डर दिया और बैग रखकर चला गया। डीजीपी आलोक मोहन ने कहा कि एनआईए और आईबी मामले की जांच करेगी। उन्होंने बताया कि वहां संदिग्ध बैग मिला। यह कैफे ब्रुकफील्ड क्षेत्र में है, जहां कंपनियों के कार्यालय हैं। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, घटना के समय वहां 50 लोग थे। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि यह कम तीव्रता का विस्फोट था, जिसमें एक घंटे बाद का टाइमर फिट था। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। › बैग में रखा था विस्फोटक P14

## फ्लू जैसे लक्षण वाले मामले बच्चों में बढ़े

**नई दिल्ली।** तापमान में गिरावट के साथ दिल्ली के अस्पतालों में बच्चों में फ्लू जैसे लक्षण वाले मामले 20 फीसदी तक बढ़ गए हैं। डॉक्टरों ने अभिभावकों को बच्चों को प्रदूषण से बचाने की सलाह दी है। साथ ही बीमारी के लक्षण वालें बच्चों को स्कूल न भेजने की सलाह दी है। › ब्योरा P05

## सौदा: 39 हजार करोड़ की रक्षा खरीद को मंजूरी

**नई दिल्ली।** मेक इन इंडिया को बढ़ावा देते हुए रक्षा मंत्रालय ने 39,125 करोड़ के पांच प्रमुख सैन्य खरीद अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए। इनमें से एक समझौता हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ हुआ, जिसमें मिग-29 विमान के लिए हवाई इंजन की खरीद होगी। इससे सेना को मजबूती मिलेगी। › ब्योरा P10

## सुनवाई : कोर्ट ने आसाराम की अर्जी नहीं सुनी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम की उस याचिका पर विचार करने से इनकार किया, जिसमें उसने स्वास्थ्य संबंधी कारणों से सजा निलंबित करने का अनुरोध किया था। अदालत की पीठ ने राहत के लिए राजस्थान हाईकोर्ट का रुख करने को कहा। › ब्योरा P06

## सुरक्षा : सुकमा में हेलीकॉप्टर से प्रश्नपत्र पहुंचाए

**सुकमा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के अंदरूनी इलाके में स्थित परीक्षा केंद्र में बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कार्यालय ने गुरुवार रात जिले के जगरगुंडा के एक केंद्र पर हेलीकॉप्टर से प्रश्नपत्रों को ले जाने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की।







www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान


भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार
2 मार्च 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण

श्रेयस अय्यर पर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में नजर रहेगी



# असली या नकली? अंतर पहचानिये

## गलत सूचना रोकने के लिए, WhatsApp के टूल्स के साथ

गलत सूचना से लड़ने में मदद के लिए WhatsApp के ब्लॉक एंड रिपोर्ट और फॉरवर्डिंग लिमिट्स जैसे विश्वसनीय टूल्स पर भरोसा करें। संदेशों को सत्यापित/वेरिफाई करने के लिए आप हमारे 10 स्थानीय फैक्ट-चेकिंग (तथ्य-जाँच) पार्टनर्स से भी जुड़ सकते हैं।

ज़्यादा जानिये WhatsApp.com/INfactcheck पर




FIRST FLOOR, F-40, NEAR DHARAM, (ABOVE ORRA JEWELLERY), SOUTH EXTENSION I, NEW DELHI, 110049. PH: 9888775533

कुलपति ने कहा- कड़ी कार्रवाई की जाएगी, टल सकता है चुनाव, दोनों संगठनों ने एक-दूसरे पर मारपीट के आरोप लगाए

# जेएनयू में फिर भिड़े छात्र, चार घायल

विवाद

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में गुरुवार देर रात जेएनयू परिसर में हुई आमसभा में वामपंथी छात्र संगठनों और एबीवीपी समर्थित छात्रों के बीच फिर हाथापाई हुई। इसमें चार छात्र घायल हो गए। उनका सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है। छात्र संघ चुनाव से पहले दो बार छात्र संगठनों के बीच झड़प हो चुकी है।

दोनों संगठनों ने एक-दूसरे के ऊपर मारपीट का आरोप लगाया और घायलों की तस्वीरें व वीडियो साझा किए। इसमें छात्र एक-दूसरे से मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। यह आमसभा चुनाव समिति के सदस्यों के चयन को लेकर हुई थी। इससे पहले भी सभा में दो समूहों के बीच हाथापाई और माइक छीनने की घटना हो चुकी है। जेएनयू कुलपति प्रो. शांतिश्री डी पंडित ने शुक्रवार को कहा कि आगामी छात्र संघ चुनाव भी टल सकता है। इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ उनकी राजनीतिक संबद्धता की परवाह किए बिना कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जेएनयू कुलपति ने कहा कि छात्र संघ चुनाव, छात्रों द्वारा आयोजित किए जाते हैं। यह सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है कि यह एक शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया हो। अंतर-छात्रावास प्रशासन (आईएचए) चुनाव के संचालन पर नजर रखता है। छात्र संगठन की किसी भी शिकायत पर आईएचए द्वारा गौर किया जाएगा। दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ उनकी राजनीतिक संबद्धता की परवाह किए बिना बेहद कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संबंधित प्राधिकारी एक रिपोर्ट तैयार करेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे। पंडित ने छात्रों को आगाह किया कि परिसर में झड़प की किसी भी गतिविधि के कारण विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव को आगे टालना पड़ सकता है।

**घटना का वीडियो वायरल :** दोनों छात्र संगठनों के सोशल मीडिया पर घटना के कई वीडियो सामने आए हैं। एक में एक व्यक्ति कुछ छात्रों को डंडे से पीटता दिखाई दे रहा है। वहीं, एक अन्य वीडियो में एक व्यक्ति छात्रों पर साइकिल फेंकते दिखाई दे रहा है। घटना के एक अन्य कथित वीडियो में भी कुछ लोग अन्य लोगों के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं और विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मी उन्हें बचाने की कोशिश करते दिख रहे हैं।

उधर, मारपीट के विरोध में आइसा ने शुक्रवार को जेएनयू के कैंपस में मशाल जुलूस निकाला।



जेएनयू परिसर में गुरुवार रात हुई आमसभा के दौरान एक-दूसरे पर डंडे और साइकिल से हमला करते छात्र। हालांकि, हिन्दुस्तान वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

### जान से मारने की धमकी दी गई : संयुक्त सचिव

घटना के बाद एबीवीपी और वामपंथी छात्र संगठनों के समूहों ने अलग-अलग प्रेसवार्ता की। एबीवीपी ने कहा कि एक वीडियो में दूसरों को छड़ी से पीटते और साइकिल फेंकते दिख रहे दो छात्र जेएनयू इकाई के सदस्य हैं। दूसरी ओर, वाम समर्थित समूहों ने आरोप लगाया कि एबीवीपी के सदस्यों ने जेएनयूएसयू पदाधिकारियों और अन्य छात्रों पर हमला कर दिया। संयुक्त सचिव मोहम्मद दानिश ने दावा किया कि उन्हें उनकी धार्मिक पहचान के कारण एबीवीपी सदस्यों ने जान से मारने की धमकी दी। दानिश जेएनयूएसयू अध्यक्ष आइशी घोष के साथ भाषा संस्थान की आम सभा की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बंधक बनाने का भी आरोप लगाया।

### चयन प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश : आइसा

वाम समर्थित ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की पदाधिकारी मधुरिमा कुंडू ने बताया कि चार छात्र घायल हुए हैं। उनका सफदरजंग में इलाज कराया गया। मुझे सिर में चोट आई है। भाषा संस्थान में आम सभा की बैठक के आखिरी दिन तेज आवाज आ रही थी। हम लोगों ने बाहर जाकर देखा तो दानिश को एबीवीपी के लोगों ने घेर रखा था। हम लोग उसे जब छुड़ाने की कोशिश किए उसी बीच एबीवीपी के लोगों ने मारपीट की। एबीवीपी ने चुनाव समिति के लिए चयन प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश की। जब जेएनयू के छात्रों ने उन्हें ऐसा करने से रोका तो वे हिंसा पर उतर आए। मधुरिमा ने बताया कि एबीवीपी समर्थित छात्र कन्हैया कुमार ने लाठी से वार किया। शौर्य, मधुरिमा कुंडू, प्रियम और अन्वेषा को बुरी तरह पीटा।

### समिति के उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया में हेराफेरी की गई : एबीवीपी

एबीवीपी ने आरोप लगाया कि वामपंथी समूह ने चुनाव समिति के उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया में हेराफेरी की। आम सभा की बैठक में पोलित ब्यूरो प्रमुख ने एसएफआई प्रत्याशियों को अनुचित लाभ पहुंचाने का प्रयास किया। भाषा संस्थान में आम सभा की बैठक में पोलित ब्यूरो के प्रमुख ने एकतरफा घोषणा की कि पहली चुनाव समिति में दो-तिहाई से अधिक सीटें हासिल करने वाले उम्मीदवारों को अपने आप विजेता घोषित कर दिया जाएगा। मतगणना में यदि किसी उम्मीदवार के समर्थन में 100 हाथ उठे तो पोलित ब्यूरो प्रमुख इसे 300 के रूप में गिनते हैं। मतगणना में खुले तौर पर धांधली और स्व-निर्मित नियमों को लागू करना निरंकुशता को दर्शाता है। वामपंथी समूहों के हमले में उनके सदस्य भी घायल हुए हैं। उधर, एबीवीपी ने वापमंथी छात्र संगठनों पर मारपीट का आरोप लगाया है। एबीवीपी जेएनयू इकाई के अध्यक्ष उमेश चंद्र अजमेरा का कहना है कि जेएनयू में छात्र संघ चुनाव कराने वाला चुनाव आयोग निष्पक्ष संस्था के तौर पर काम करता है। आरोप है कि वामपंथी गुट निष्पक्ष चुनाव नहीं होने देना चाहते।

## शहर 30s

### सीपी में ग्यारह एस्केलेटर दोबारा शुरू

**नई दिल्ली।** कनॉट प्लेस के ग्यारह एस्केलेटर पूरी तरह से चालू कर दिए गए हैं, जबकि बाकी पर भी काम किया जा रहा है। एनडीएमसी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। हाल ही में एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने कनॉट प्लेस के एस्केलेटर का निरीक्षण किया था। इस दौरान कई एस्केलेटर बंद पड़े हुए मिले थे। इस पर उन्होंने तत्काल ही सभी एस्केलेटर को चालू कराए जाने के निर्देश दिए थे। उपाध्याय ने बताया कि एनडीएमसी अधिकारियों द्वारा 11 एस्केलेटर ठीक करा दिए गए हैं। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### जामिया में बीटेक और एमटेक के नए कोर्स शुरू

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने बीटेक और एमटेक के कई स्व-वित्तपोषित कोर्स शुरू करने की घोषणा की है। यह कोर्स छात्रों को विशेष कौशल विकास के साथ उद्योग जगत की जरूरत को ध्यान में रखकर शुरू किए गए हैं। अभ्यर्थी जामिया की वेबसाइट **https://jmicoe.in** से आवेदन कर सकते हैं। अपने प्रश्न **fetcourseinfo@gmail.com** पर ईमेल कर सकते हैं।

### दो से सात मार्च तक गुलाब उत्सव का आयोजन

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगर पालिका परिषद की ओर से दो मार्च से लेकर सात मार्च तक गुलाब उत्सव का आयोजन किया जाएगा। चाणक्यपुरी के भारत-अफ्रीका मैत्री रोज गार्डन में आयोजित उत्सव में 80 से अधिक किस्मों के गुलाब के फूलों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस दौरान पेंटिंग प्रतियोगिता, किताबों पर चर्चा, फोटोग्राफी प्रतियोगिता और गुलाब टॉक जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। रोज गार्डन वॉक का भी आयोजन किया जाएगा।

### मंत्री ने विकास कार्यों का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने शुक्रवार को बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र के रामनगर वार्ड नबी करीम में 15 से अधिक सड़कों-गलियों के पुनर्निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र में पानी का दबाव कम होने की शिकायत की, जिस पर इमरान हुसैन ने निवासियों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र की जलापूर्ति से संबंधित सभी मसलों का जल्द समाधान किया जाएगा।

### 'वॉयस ऑफ कलर्स' प्रदर्शनी का अनावरण

**नई दिल्ली।** साहित्य कला परिषद के कला और संस्कृति विभाग ने बीकानेर हाउस में 'वॉयस ऑफ कलर्स' प्रदर्शनी का अनावरण किया गया। शुक्रवार को इसका उद्घाटन दिल्ली के कला एवं संस्कृति मंत्री सौरभ भारद्वाज ने किया। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि प्रदर्शनी रचनात्मक अभिव्यक्ति की समृद्ध कलाकृति का प्रमाण है। साहित्य कला परिषद की सचिव डॉ. मोनिका प्रियदर्शनी ने कहा, यह प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक खुली रहेगी।

### 'पुलिसिंग विशेष समुदाय की सेवा के लिए नहीं'

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि पुलिस व्यवस्था किसी विशिष्ट धार्मिक या सांस्कृतिक समुदाय के हितों की पूर्ति के लिए नहीं है। जांच में गुमनामी के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को पर्दानशीन (घूंघट वाली) महिलाओं की जरूरतों के प्रति अधिक संवेदनशीलता दिखाने की जरुरत नहीं है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ कहा कि जांच एजेंसी को निष्पक्षता के सिद्धांतों का पालन करना होगा।

### आईजीआई हवाई अड्डे पर दवा तस्कर दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर दवाई की तस्करी कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को एक यात्री पर संदेह हुआ। उज्बेकिस्तान का यह नागरिक दिल्ली से विमान के जरिए ताशकंद जाने वाला था। छानबीन करने पर उसके पास से 1.38 करोड़ रुपये कीमत की मेसोप्रिल किट बरामद हुई। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। टीम उससे पूछताछ कर रही है।

## झुग्गियां तोड़ने का मुद्दा उठाएगी कांग्रेस : लवली

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर झुग्गी बस्तियों को तोड़ने के लिए हो रही कार्रवाई का कांग्रेस ने विरोध जताया है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित बैठक में दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि खजूरी खास में डीडीए की तोड़फोड़ की कार्रवाई अमानवीय है।

लवली ने कहा कि बिना नोटिस दिए लोगों के घरों को ढहाना भाजपा सरकार द्वारा की जाने वाली अमानवीय कार्रवाई है। कांग्रेस पार्टी इन बेसहारा लोगों के साथ खड़ी है और केन्द्र सरकार के खिलाफ इनको न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि उत्तरकाशी की सुरंग में फंसे दर्जनों लोगों की जान बचाने वाले रैट माइनर वकील हसन का घर भी तोड़ दिया गया। दबाव के चलते केवल रैट माइनर को ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान देने की पेशकश की गई है।

## पदाधिकारी बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाएं : आप

सत्ता संग्राम (सात सीट किसकी)

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** आम आदमी पार्टी (आप) लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। चार सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा के बाद अब बूथ स्तर पर समितियों को मजबूत बनाने की कवायद चल रही है।

पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वह लोगों से संपर्क बढ़ाएं। बूथ समितियां मजबूत करें। घोषित उम्मीदवारों को भी अपने इलाके में सक्रियता बढ़ाने को कहा गया है। आप ने पूर्वी, दक्षिणी, नई दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। पार्टी चुनाव को लेकर संगठन पदाधिकारियों की घोषणा एक महीने पहले से कर रही है। चुनाव की तैयारियों को लेकर एक दौर की बैठक भी हो चुकी है। अब उन पदाधिकारियों को इलाके में जाकर सक्रियता बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा बूथ स्तर पर बैठकें करने को कहा गया है।

सूत्रों की मानें तो आम आदमी पार्टी अगले सप्ताह बजट सत्र खत्म होने के बाद दिल्ली में बड़े स्तर पर प्रचार अभियान शुरू करेगी। दिल्ली के मुद्दे, जिसमें एलजी द्वारा काम रोकने की कोशिश, पानी के बिलों को ठीक करने के लिए योजना, सौर ऊर्जा नीति जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

### भाजपा ने चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली भाजपा ने चुनाव समिति का गठन कर दिया है। कार्यों को अलग-अलग विभाजित कर 30 विभागों में कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंप दिए हैं। समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा रहेंगे, जबकि अजय महावर को संयोजक बनाया गया है। इसके साथ ही दो सह संयोजक भी बनाए गए हैं। घोषणा पत्र विभाग के प्रमुख का दायित्व जगदीश मुखी को सौंपा है। इसमें सह प्रमुख संतोष उपाध्याय, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, विजेंद्र गुप्ता, हर्ष मल्होत्रा और योगिता सिंह शामिल हैं। यह कमेटी एक तरह से पार्टी के घोषणा पत्र तैयार करने का काम करेगी। आरोप पत्र विभाग के प्रमुख का दायित्व नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, हरीश खुराना, प्रवीण शंकर कपूर और गुलशन बिरमानी को दिया गया है।

॥ वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा-न्यन्यानि संयाति नवानि देही ॥



श्रीमति कृष्णा बजाज
(14 सितंबर 1944 – 21 फरवरी 2024)
धर्मपत्नी स्व. श्री धर्मपाल बजाज

आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन, आशीर्वाद हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे।
आप सदैव हम सबके हृदय में जीवित हैं और रहेंगी।

रस्म पगड़ी

शनिवार, 2 मार्च 2024 को सायं 4 से 5 बजे
मार्कण्डे हॉल, गेट नं. 7, छत्तरपुर मंदिर कॉम्पलैक्स,
छत्तरपुर, नई दिल्ली-110030

गूगल मैप के लिए स्कैन करें

शोकाकुल

संदीप और ऋतु बजाज (पुत्र-पुत्रवधू)
गिरीश और सीमा बजाज (पुत्र-पुत्रवधू)
कुनाल और मेहर बजाज (पौत्र-पौत्रवधू)
वरुण, रित्विक, सिद्धांत (पौत्र)
मिहरान बजाज (प्रपौत्र)

JUPITER LAMINATORS
Jupiter Laminators Pvt. Ltd. | Bajaj Processpack Limited

## महिला सशक्तिकरण पर डीयू में पुष्प प्रदर्शनी

पुष्पोत्सव

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली विश्वविद्यालय के गौतम बुद्ध शताब्दी उद्यान में शुक्रवार को 66वीं पुष्प प्रदर्शनी देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस बार की थीम महिला सशक्तिकरण को समर्पित थी। इसका विषय स्त्री और प्राकृतिक संवर्धन-सहकारिता एवं शाश्वत विकास था।

गार्डन समिति की पदाधिकारी प्रो. रूपम कपूर ने बताया कि 10 साल बाद इस प्रदर्शनी में राष्ट्रपति भवन में उगाए जाने वाली सब्जियों की प्रदर्शनी लगी। डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि फूल जीवन को प्रेरणा देते हैं, लेकिन अगर उनमें खुशबू न हो तो वह अच्छे नहीं लगते। इसी तरह से हमारा जीवन है।




दिल्ली विश्वविद्यालय के गौतम बुद्ध शताब्दी उद्यान में शुक्रवार को फूलों के बीच सेल्फी लेती युवतियां। • सोनू मेहता

### शराब की दुकान खोलने पर रोक

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को बी2सी ब्लॉक के आवासीय कल्याण संघ की याचिका पर जनकपुरी में शराब की दुकान खोलने पर रोक लगा दी।

आरडब्ल्यूए की याचिका में कहा गया है कि क्षेत्र के कई निवासियों ने दिल्ली सरकार के अरबकरीह विभाग और दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम लिमिटेड के संबंधित कार्यालय से संपर्क किया है। उनसे अनुरोध किया कि इलाके में मौजूद शराब की दुकान को ना खोला जाए।

## निगम स्कूलों में लागू किया जा रहा शिक्षा मॉडल : मेयर

■ विष्णु गार्डन में प्राथमिक विद्यालय का उद्घाटन

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी के पश्चिमी जोन के विष्णु गार्डन में नवनिर्मित निगम प्राथमिक स्कूल शुक्रवार को जनता को समर्पित किया गया। इस अवसर पर मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि निगम में आप सरकार नए और आधुनिक स्कूल भवनों का निर्माण कर रही है।

मेयर ने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों की तर्ज पर निगम स्कूलों में अत्याधुनिक शिक्षण तकनीक, स्मार्ट बोर्ड, बड़े खेल के मैदान और खेल उपकरण शामिल उपलब्ध करवा रहे हैं। निगम स्कूल में भी केजरीवाल सरकार का वर्ल्ड क्लास शिक्षा मॉडल लागू किया जा रहा है।

हम बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में नए प्रयास किए जा रहे हैं।

### तीन ढांचों का कायाकल्प होगा

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** दिल्ली विकास प्राधिकरण पुरातात्विक महत्व के तीन ढांचों का कायाकल्प करेगा। दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना के अनुरोध पर केन्द्रीय संस्कृति मंत्री डीडीए के पार्कों में मौजूद इन इमारतों को सौंपने के लिए सहमत हो गए हैं।

संजय वन, महरौली पुरातत्व पार्क और शालीमार बाग में स्थित तीन पुरातात्विक ढांचों का कायाकल्प होगा। सूत्रों के अनुसार, एक सप्ताह में डीडीए और एएसआई के बीच समझौते पर हस्ताक्षर होने की तैयारी है।

## आबकारी नीति में सांसद का बेटा सरकारी गवाह

अदालत से | 1 |

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के बेटे मगुंटा राघव रेड्डी को दिल्ली आबकारी नीति मामले में सरकारी गवाह बनने की अनुमति दे दी।

राउज एवेन्यू अदालत के विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने गुरुवार को पारित एक आदेश में राघव के आवेदन को स्वीकार कर उन्हें माफी दे दी। हाल ही में कोर्ट ने राघव को अग्रिम जमानत भी दी थी। दो अभियोजन शिकायतों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दावा किया था कि तथाकथित साउथ ग्रुप के सदस्यों ने उत्पाद शुल्क नीति में खामियों का फायदा उठाने के लिए रिश्वत दी थी, जिससे विभिन्न थोक व्यवसायों और खुदरा क्षेत्रों तक उनकी निर्बाध पहुंच सुरक्षित हो जाएगी।

राघव मगुंटा भी कथित तौर पर भी इस समूह का हिस्सा थे। ईडी ने आरोप लगाया कि सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी और तेलंगाना एमएलसी और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी कल्वाकुंतला कविता साउथ ग्रुप के प्रमुख सदस्य हैं। कथित समूह के अन्य लोगों में हैदराबाद स्थित अरबिंदो फार्मा के संस्थापक पीवी रामप्रसाद रेड्डी के बेटे पी सरथ चंद्र रेड्डी शामिल हैं।

### अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज हुई

| 2 |

**नई दिल्ली, व.सं.।** दिल्ली वक्फ बोर्ड में अनियमितता के मामले में विधायक अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो गई।

राउज एवेन्यू स्थित एडिशनल सेशन जज राकेश सयाल ने खान पर दर्ज पुराने मामलों और वर्तमान मामले की जांच पूरी न होने के चलते अग्रिम जमानत खारिज की। खान की तरफ से 17 फरवरी को आवेदन किया गया था इस पर 24 फरवरी को अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। अमानतुल्लाह पर आरोप है कि उन्होंने वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष रहने के दौरान नियमों का उल्लंघन करते हुए 32 से अधिक लोगों को भर्ती किया था। इस मामले में सीबीआई और एसीबी ने अलग-अलग मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही ईडी ने भी केस दर्ज किया है।

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सतत

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार
2 मार्च 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

• पांच प्रदेश • 21 संस्करण



श्रेयस अय्यर पर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में नजरें P-20

वित्त मंत्री आतिशी ने विधानसभा में दिल्ली की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की

# सुखद: दिल्लीवालों की जेब और भारी हुई


नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। वित्त मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को विधानसभा में दिल्ली की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्तीय वर्ष में दिल्लीवालों की प्रतिव्यक्ति आय 2022-23 के मुकाबले 7.39 फीसदी बढ़ गई है।

वहीं, राजधानी में बेरोजगारी दर भी घट रही है। कोरोना काल (2021-22) में बेरोजगारी दर 5.3 फीसदी तक पहुंच गई थी। वर्ष (2022-23) में यह गिरकर 1.9 फीसदी पर आ गई। चालू वित्तीय वर्ष की बेरोजगारी दर के आंकड़े अभी नहीं आए हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय बेरोजगारी दर 5.65 फीसदी है। यह दिल्ली की बेरोजगारी दर के दोगुने से भी ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में भी नौ फीसदी से अधिक का इजाफा हुआ है।

**प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से ढाई गुना अधिक :** दिल्ली सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 में दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय 4.30 लाख रुपये सालाना थी, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रति व्यक्ति आय 4.61 लाख रुपये सालाना तक पहुंचने की उम्मीद है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह आंकड़े राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार की ओर इशारा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम 2021-22 (3.76 लाख रुपये सालाना) से तुलना करें तो मौजूदा वित्तीय वर्ष में प्रति व्यक्ति आय में 22 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया है। दिल्ली सरकार के मुताबिक, वर्तमान में राजधानी की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति आय की तुलना में 2.5 गुना अधिक है। दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय में लगातार इजाफा दर्ज किया जा रहा है।

**दिल्ली की अर्थव्यवस्था में सुधार :** दिल्ली के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में बीते साल की तुलना में 9.17 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में जीएसडीपी के 11.07 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। बीते साल, 2022-23 में जीएसडीपी 10.14 लाख करोड़ रुपये थी, उस समय बढ़ोतरी दर 7.75 फीसदी थी। वित्त मंत्री ने बताया कि दिल्ली की आबादी देश की आबादी का महज 1.5 फीसदी है, लेकिन देश की जीडीपी में इसकी भागीदारी चार फीसदी है।

› रफ्तार बढ़ेगी P04






हमारे लिए यह साल बेहद कठिन रहा। उपराज्यपाल और अधिकारियों ने केजरीवाल सरकार के काम रोकने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मोहल्ला क्लीनिक के पैसे रोके गए, फरिश्ते योजना रोकी गई। सुप्रीम कोर्ट ने जब हमें अधिकार दिए तो अध्यादेश लाकर दिल्ली सरकार के अधिकार छीन लिए गए। इसके बाद भी दिल्लीवालों की प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है, बजट मुनाफे में है। – **आतिशी,** वित्त मंत्री दिल्ली सरकार

### मुफ्त सौगातों के बावजूद तरक्की

वित्त मंत्री ने कहा कि जनवरी-दिसंबर 2023 में दिल्ली की मुद्रास्फीति दर 2.81 फीसदी थी, जबकि इसी अवधि में राष्ट्रीय मुद्रास्फीति दर 5.65 फीसदी थी। लोगों को मुफ्त सौगातों के बावजूद दिल्ली लगातार तरक्की कर रही है।

### सरकार के कर राजस्व में बढ़ोतरी

दिल्ली सरकार का कहना है कि आर्थिक गतिविधि और आय बढ़ने से कर राजस्व में भी बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कर राजस्व में 13.10 फीसदी का इजाफा हुआ है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कर राजस्व बढ़ोतरी 18.35 फीसदी थी। मौजूदा वित्तीय वर्ष में भी कर राजस्व संग्रह बढ़ रहा है। आतिशी ने कहा कि बजट और खर्च बढ़ने के बाद भी दिल्ली का बजट लाभ का है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में जहां सरप्लस बजट 3270 करोड़ रुपये था। वह इस बार बढ़कर 14,457 करोड़ रुपये हो गया है।

**4.61** लाख सालाना हो गई वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रति व्यक्ति आय, जो बीते वर्ष की तुलना में 7.39% अधिक है

**1.9** फीसदी रह गई है बेरोजगारी की दर 2022-23 में, जो कोरोना काल के दौरान 5.3 फीसदी तक पहुंच गई थी

### दिल्ली सरकार का बजट सोमवार को आएगा

दिल्ली सरकार का बजट सोमवार को विधानसभा में पेश किया जाएगा। वित्त मंत्री आतिशी ने बताया कि बजट तैयार करने में कुछ देरी हुई थी, जिसके बाद उसे गृह मंत्रालय और राष्ट्रपति के पास भेजा गया था। अब बजट वहां से मंजूर हो गया है। मुख्यमंत्री और उप राज्यपाल की भी मंजूरी मिल गई है। इसके बाद सोमवार को बजट रखा जाएगा। इसे देखते हुए बजट सत्र को आठ मार्च तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

### शिक्षा पर बजट का 21 फीसदी खर्च किया

आर्थिक सर्वेक्षण में शिक्षा में निरंतर हो रहे सुधार को भी दर्शाया गया है। वित्त मंत्री का कहना है कि हम लगभग एक चौथाई बजट का हिस्सा शिक्षा को देते हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में दिल्ली सरकार ने देश की अन्य राज्य सरकारों से ज्यादा बजट का हिस्सा शिक्षा पर खर्च किया है। इस वित्तीय वर्ष में कुल व्यय का 21.1 फीसदी शिक्षा पर खर्च किया, जबकि पूरे भारत में यह औसत 13.5 फीसदी था।

# धनशोधन में पेटीएम पर पांच करोड़ का जुर्माना लगाया

- एफआईयू ने 15 फरवरी को कार्रवाई की थी
- अंतर-कंपनी समझौते खत्म करने को मंजूरी दी

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (एफआईयू) ने मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक नियमों के उल्लंघन को लेकर पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ का जुर्माना लगाया है।

एफआईयू को कुछ इकाइयों और उनके कारोबार से जुड़ी कंपनियों की अवैध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। इसमें ऑनलाइन जुए की बात सामने आई थी। मंत्रालय ने कहा कि इन इकाइयों के खाते पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. में थे। इन्होंने अवैध गतिविधि से मिला धन पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खातों के जरिए दूसरी जगह भेजा। उधर, कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, जुर्माना एक बिजनेस सेगमेंट के मुद्दों से संबंधित है, जिसे दो वर्ष पूर्व बंद कर दिया गया था। उसके बाद हमने अपनी निगरानी प्रणाली और वित्तीय खुफिया इकाई को भेजे जाने वाले रिपोर्टिंग तंत्र को बढ़ाया है।

**समझौता खत्म किया :** पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के निदेशक मंडल ने सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स से अंतर-कंपनी समझौतों को खत्म करने की मंजूरी दे दी है।

# मसाजिद कमेटी की अर्जी सुनने को सुप्रीम कोर्ट राजी

- ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करती है समिति
- कोर्ट ने कहा, इसे मुख्य मामले से संलग्न करेंगे

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को ज्ञानवापी मसाजिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई करने के लिए राजी हो गया। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद वाली जगह पर मंदिर की 'पुनर्स्थापना' की मांग को लेकर दाखिल याचिका सुनवाई योग्य है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि 'हम इस याचिका को मुख्य मामले के साथ संलग्न कर सुनवाई करेंगे। उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधन समिति 'अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी' ने शीर्ष अदालत में अपील दाखिल की है। दरअसल, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 19 दिसंबर, 2023 को ज्ञानवापी मस्जिद वाली जगह पर मंदिर की पुनर्स्थापना की मांग को लेकर 1991 में हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल याचिका की सुनवाई योग्यता को चुनौती देने वाली अंजुमन इंतजामिया मसाजिद समिति और उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

याचिका खारिज करते समय उच्च न्यायालय ने कहा था कि किसी विवादित स्थल का धार्मिक चरित्र सिर्फ अदालत द्वारा तय किया जा सकता है।

## प्रमुख पांच

### जीएसटी संग्रह फरवरी में 12.5 प्रतिशत बढ़ा

1 फरवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 12.5 प्रतिशत बढ़कर 1.68 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। P15

### मोटापे की चपेट में एक अरब लोग

2 दुनियाभर में मोटापे से ग्रस्त बच्चों, किशोरों और व्यस्कों की संख्या एक अरब हो गई है। P22

### महादेव ऐप मामले में संपत्ति जब्त की

3 ईडी ने महादेव ऐप मामले में दुबई में हवाला कारोबारी की 580 करोड़ की प्रतिभूतियां जब्त कर लीं। P07

### सेंसेक्स, निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

4 सेंसेक्स 1,245.05 अंक उछलकर 73,745.35 पर पहुंच गया। यह इसका सर्वकालिक उच्च स्तर है। P15

### साफ-सुथरी राजनीति की ओर पहला कदम

5 हम एक ऐसा काम कर रहे हैं, जो विश्व में अन्यत्र कहीं नहीं किया गया है। और हमें देखना है कि यह रास्ता कितनी अच्छी तरह तय कर सकते हैं। हम त्रुटियां करने और बाद में उन पर पछतावा करने के बजाय उस रास्ते पर सावधानीपूर्वक चलें।



राजीव गांधी P12

Bharati Vidyapeeth
(Deemed to be University), Pune (India)
Founder Chancellor : Dr. Patangrao Kadam

Re-Accredited A+ Grade by NAAC 3.53 CGPA | Category 1 University by UGC | Ranked 91st by NIRF - 2023 | Ranked in THE World University Rankings | 189th Rank in 2024 QS World University Rankings in South Asia

IGNITING MINDS, SHAPING FUTURE
BVDU for you



Admissions 2024-25 Through BV - Entrance Test
Campuses at : New Delhi | Pune | Navi Mumbai | Kolhapur | Sangli | Karad | Solapur

UG / PG & Ph.D Programmes
- BBA / BCA / MBA / MCA / MHA
- LLB (3 Yrs) / BBA.LLB (5 Yrs) / BA.LLB (5 Yrs) / LLM. (2 Yrs.)
- B.Tech. / M.Tech.
- B.Pharm. / Pharm.D. / M.Pharm / Pharm D (PB)
- Bachelor of Physiotherapy
- B.Optometry / M.Optometry
- B.Sc. Nursing / PB.B.Sc. Nursing / M.Sc. Nursing
- B.Sc. / M.Sc. (Biotechnology) / M.Sc. (Bioinformatics / Medical Biotechnology)
- M.S.W. (Master of Social Work)

Innovative Skill Based Programmes
- B. Architecture / M. Arch. (Sustainable)
- B.Sc.H & H.A.
- Bachelor of Audiology and Speech Language Pathology
- M.Sc. (Audiology / Speech Language Pathology)
- Bachelor of Visual Arts (Applied Arts)
- M.Sc. (Wildlife Conservation Action)
- M.Sc. (Environment Science & Technology)
- M.Sc. (Geoinformatics)
- B.A. / M.A. in Commercial Photography & Moving Images
- B.A. in Photography & Cinematography / M.A. in Cinematography

Admission to Health Science Programmes through NEET

- Pioneer Multidisciplinary University
- Excellent Placements (Networking with 500 + Companies)
- Skill based / industry relevant curriculum as per NEP-2020
- Innovative Teaching Learning Process
- State of the art Healthcare Infrastructure
- Incubation and startup Support Cell
- Pioneers in Research & IPR
- Merit based Scholarship worth Rs. 10 Cr.
- 1 Lakh + Alumni Globally

Scan to Apply

APPLY NOW » www.bvuniversity.edu.in | 020-24407131/132

Registrar




# दिल्ली में तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना

## अगले चौबीस घंटे में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिलेगा

मौसम का मिजाज

नई दिल्ली, प्र.सं.। राजधानी पर पश्चिमी विक्षोभ का असर अगले चौबीस घंटे में देखने को मिल सकता है। इसके चलते तेज हवा के साथ अलग-अलग इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। ओलावृष्टि की भी संभावना है। इसे देखते हुए मौसम विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में शुक्रवार को हल्के बादलों की आवाजाही के बीच तेज धूप निकली। इसके चलते दिन के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग का अनुमान है कि चौबीस घंटे के अंदर पश्चिमी विक्षोभ के चलते हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक रहने के आसार है। इससे अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी। बता दें कि ऑरेंज अलर्ट के दौरान हवा की गति लगभग 65 से 75 किलोमीटर प्रति घंटा होती है और अधिकतम 33 मिलीमीटर की बारिश होने की संभावना रहती है।

वहीं, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली का औसत एक्यूआई 208 अंकों के साथ खराब श्रेणी में रहा।


# तापमान में उतार-चढ़ाव से बुखार के मरीज 20% बढ़े

आफत

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण राजधानी के अस्पतालों में बच्चों में फ्लू जैसे लक्षण वाले मामले 20 फीसदी तक बढ़ गए हैं। डॉक्टरों ने अभिभावकों को बच्चों को प्रदूषण से बचाने की सलाह दी है। साथ ही कहा, जिन बच्चों में बीमारी के लक्षण हैं, उन्हें स्कूल न भेजें ताकि दूसरे बच्चों को संक्रमित होने से बचाया जा सके।

बच्चों के अस्पताल मधुकर रेनबो चिल्ड्रन हॉस्पिटल के वरिष्ठ डॉक्टर चंद्रशेखर सिंघा ने बताया कि एच1एन1 यानी स्वाइन फ्लू के मामलों में भी वृद्धि हुई है। यह इन्फ्लुएंजा वायरस अधिक संक्रामक है। अधिकतर मामलों में इसमें बच्चों को सांस की तकलीफ और चिड़चिड़ापन का अनुभव होता है। कुछ अन्य संकेत और लक्षण हैं जिनमें बुखार, ठंड लगना, खांसी, गले में खराश, शरीर में दर्द, थकान, सांस फूलना शामिल हैं।

एम्स के बाल रोग विभाग के डॉ. राकेश बागड़ी ने बताया कि निमोनिया का संक्रमण होने पर कुछ बच्चों को खांसी और हल्का बुखार है। कुछ ऐसे भी हैं, जिनका खाना पीना कम हो गया है। बच्चों को सांस लेने में भी तकलीफ हो रही है। तेज सांस लेना, सीने में घरघराहट आदि भी निमोनिया के संकेत हो सकते हैं। इसमें पांच साल से कम उम्र के ज्यादातर बच्चों में सांस लेने में भी दिक्कत होती है। बच्चों को कम से कम 20 सेकंड के लिए नियमित रूप से अपने हाथों को साबुन और पानी से धोना चाहिए। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली का पालन करें। पर्याप्त आराम करें, संतुलित आहार लें।



### टीका जरूर लगवाएं

सफदरजंग के बाल रोग विभाव के डॉ. हिमांशु ने बताया कि बचाव के लिए कई टीके उपलब्ध हैं, जो इस संक्रमण को रोकने और जटिलताओं से बचाने में बच्चों की मदद कर सकते हैं। फ्लू वैक्सीन इस संक्रमण से बचाने में मददगार हो सकती है। अभिभावकों को बच्चों के टीकाकरण के साथ-साथ निमोनिया से बचाव के उपाय करते रहना चाहिए।

# डूसिब के अफसरों की जांच होगी

कलंक के खिलाफ

### बोर्ड ने सख्त कार्रवाई करने पर सहमति दी

डूबिस में तैनात कई पुराने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप थे। बोर्ड ने ऐसे अफसरों पर सख्त कार्रवाई करने पर सहमति दी। मुख्यमंत्री ने मामले में एसीबी को आय से अधिक संपत्ति की जांच करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, कुछ अधिकारी अभी नौकरी में हैं या सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनके खिलाफ भी जांच का प्रस्ताव बोर्ड के सामने रखा गया। बोर्ड ने उसे भी आगे जांच कराने पर सहमति दे दी।

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। आय से अधिक संपत्ति मामले में घिरे दिल्ली अर्बन शेल्टर इम्प्रूवमेंट बोर्ड (डूसिब) से सेवानिवृत्त अधिकारी लव भाटिया के खिलाफ एसीबी से जांच कराई जाएगी। इसके साथ ही, भ्रष्टाचार में फंसे अन्य अधिकारियों के खिलाफ भी जांच होगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई डूसिब की बोर्ड बैठक में यह फैसला लिया गया।

बैठक में राजधानी के रैन बसेरों में रह रहे लोगों को दिन में तीन बार पौष्टिक आहार देने और सुल्तानपुर माजरा में मिनी स्टेडियम बनाने के लिए एससी व एसटी विभाग को जमीन देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है। स्टेडियम बनने पर बच्चों को खेलने की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में शहरी विकास मंत्री एवं डूसिब के वाइस चेयरमैन सौरभ भारद्वाज और डूसिब के सीईओ समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम दिल्ली सरकार के किसी भी विभाग में भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेंगे। बताया गया कि डूसिब से सेवानिवृत्त एक अधिकारी के खिलाफ दो शिकायतें 56(जे) के तहत दर्ज की गई हैं। आरोप है कि उन्होंने डूसिब की विभिन्न शाखाओं में अपनी नौकरी के दौरान अपनी पत्नी के नाम पर संपत्ति खरीदी और बेची। इस मामले को उनके सेवानिवृत्त होने के बाद डूसिब की अनुशासनात्मक अथॉरिटी को भेजा गया था, जिस पर बोर्ड ने अब एसीबी की जांच कराने का फैसला लिया गया।

**तीन बार मिलेगा पौष्टिक भोजन :** अधिकारियों ने जानकारी दी कि जल्द ही सभी रैन बसेरों में रह रहे लोगों को दिन में तीन बार खाना दिया जाएगा। इसके लिए नई एजेंसी को टेंडर दे दिया जाएगा जो जल्द काम शुरू कर देगी। बैठक में झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टर्स के अंदर शौचालयों का रख-रखाव करने वाली एजेंसी के टेंडर से जुड़ा एजेंडा पास किया गया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि कुछ दिनों के अंदर सभी जेजे क्लस्टर्स के शौचालयों का रख-रखाव नई एजेंसी करने लगेगी। टेंडर जारी कर दिया गया। ध्यान रहे कि डूसिब बेघर लोगों को जरूरी सहायता प्रदान करने के लिए 197 आश्रय गृहों का संचालन करता है। इन रैन बसेरों के संचालन और प्रबंधन को 72.32 करोड़ रुपये के बजट की सरकार ने मंजूरी दी थी लेकिन महामारी के दौरान बेघर लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार ने 25 सितंबर 2020 मुफ्त भोजन प्रदान करने का निर्णय लिया। इसके लिए 1,531.20 लाख रुपये आवंटित किए गए थे।

**सरकार पूरी दिल्ली में 250 टेंट लगाएगी :** मौजूदा वक्त में 75 पगोड़ा टेंट लगाए जाते हैं। सरकार का लक्ष्य इनकी संख्या बढ़ाना है, जिससे 17,000 लोगों के रहने की व्यवस्था की जा सके। अभी 197 आश्रय गृहों में 7,100 लोग रह रहे हैं। इस कमी को दूर करने के लिए 2022-23 की विंटर एक्शन प्लान तैयार किया गया, जिसका लक्ष्य अतिरिक्त 250 पगोडा टेंट लगाना है।

# पेंशन को लेकर हड़ताल की चेतावनी

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। रेलवे कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना को लागू कराने को लेकर एक मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है।

**पत्र लिखे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई :** संयुक्त मोर्चे ने हड़ताल को लेकर 19 मार्च को संबंधित रेलवे महाप्रबंधकों को नोटिस देने की बात कही है। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमैन के महासचिव डॉ. एम राघवैया ने शुक्रवार को बताया कि पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू किए जाने की कर्मचारियों की मांग लंबे समय से बनी हुई है। इसे लेकर रेलवे मंत्रालय को कई पत्र लिखे गए हैं। लेकिन, इस पर कार्रवाई नहीं हुई है। इसको देखते हुए रेलवे कर्मचारियों ने एक मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला लिया गया है।

DHIRSONS
JEWELLERS PVT LTD
— DHIRAJ DHIR GROUP —
Today's Hallmark 92% Gold Rate
₹58200/-* per 10gms.
.916 certified by B.I.S.
MAKING CHARGES ONLY 7% ON ALL ITEMS
*T&C apply
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market New Delhi - 110024. Ph: 47284728


शहर 30s

## वन कटाई के आरोप पर जवाब मांगा

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सेना से दिल्ली छावनी क्षेत्र में सेंट्रल रिज पर हरे हिस्से को साफ करने के आरोपों पर जवाब देने को कहा है। न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने रिज के संरक्षण के लिए एक याचिका पर सुनवाई करते हुए वहां तैनात सेना अधिकारी से हलफनामा मांगा है। साथ ही ऐसी गतिविधियों को अंजाम न देने की सलाह दी गई है। वहीं, केन्द्र सरकार के वकील ने सेना द्वारा पेड़ों की कटाई से इनकार किया। पीठ ने सुझाव दिया कि क्षेत्र में वनीकरण जैसे सुधारात्मक उपाय किए जाएं।

## दक्षिणी रिज में पेड़ काटने पर हाईकोर्ट नाराज

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के पास सड़क बनाने के लिए दक्षिणी रिज में पेड़ों की कटाई पर शुक्रवार को नाराजगी व्यक्त की। कोर्ट ने कहा कि क्या अधिकारी राजधानी को थार रेगिस्तान में बदलना चाहते हैं। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की पीठ ने कहा कि यदि अधिकारी रिज के संरक्षण पर न्यायिक आदेशों का पालन नहीं करना चुनते हैं तो वह केवल लोगों के लिए खेद महसूस कर सकते हैं। पीठ बिना आदेश पारित किए पेड़ों की कटाई के लिए वृक्ष अधिकारियों द्वारा दी गई अनुमति से संबंधित एक मामले पर विचार कर रही है।






# जनता से लूटा गया पैसा लौटाना होगा : प्रधानमंत्री

झारखंड



## परिवारवाद विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा

प्रधानमंत्री ने सिंदरी में 35,700 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि परिवारवादी पार्टी झामुमो और कांग्रेस की सरकार झारखंड के विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा है। परिवारवादी पार्टियां अपने और अपने बच्चों के बारे में सोचती हैं। मोदी के लिए पूरा देश परिवार है। झारखंड के आदिवासी भाई-बहन परिवार हैं। इनके सपनों को पूरा करने के लिए जिंदगी खपा दूंगा। मोदी के शरीर का कण-कण जनसेवा के लिए है। जिस योजना का शिलान्यास किया, उसका लोकार्पण भी किया।

**धनबाद, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भाजपा की विजय संकल्प सभा में कहा कि बेनामी संपत्ति बनाने वाले चेत जाएं। उन्होंने कहा कि जनता से लूटे गए पैसे को लौटाना होगा।


प्रधानमंत्री ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, झारखंड में कोयले के पहाड़ के बारे में देखा और सुना था, नोटों का पहाड़ देख दंग हूं। जनता के पैसे पर मौज करने वालों के खिलाफ जब मोदी कार्रवाई करता है तो भ्रष्टाचारी बहाने बनाते हैं। जांच से भागते हैं।

मोदी ने कहा कि दूसरों से जहां उम्मीद खत्म हो जाती है, वहीं से मोदी की गारंटी शुरू होती है। झारखंड का विकास और आदिवासी कल्याण मोदी का संकल्प है। किसी ने सोचा नहीं था कि बंद सिंदरी खाद कारखाना खुलेगा। आज लोकार्पण हो गया। सिर्फ सिंदरी ही नहीं, पिछले दस साल में झारखंड के लिए कई काम किए। मोदी के प्रति जनता का यह प्यार और आशीर्वाद देख गदगद हूं। इस प्यार, आशीर्वाद को ब्याज समेत लौटाऊंगा। उन्होंने कहा कि मैंने संकल्प लिया था कि सिंदरी में खाद कारखाना जरूर शुरू कराऊंगा। यह मोदी की गारंटी थी। आज गारंटी पूरी हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि दो नई ट्रेनों की भी शुरुआत हो रही है। देवघर से कामाख्या तक जोड़ने के लिए ट्रेन शुरू की जा रही है। इससे माता कामाख्या तथा बाबा बैद्यनाथ एक साथ जुड़ सकेंगे।

## ममता बनर्जी ने मोदी से मुलाकात की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को यहां राजभवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। ममता ने इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान राज्य के लंबित बकाए का मुद्दा भी उठाया। शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर आए मोदी रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगे। प्रधानमंत्री के राजभवन पहुंचने के कुछ देर बाद बनर्जी वहां पहुंचीं।

# जीवन में स्वाभिमान, स्वदेशी की भावना लाएं : भागवत



संघ प्रमुख का कुटुंब भाव व सामाजिक समरसता पर जोर

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार को संघ कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने जीवन में स्वाभिमान और स्वदेशी की भावना लाएं। पटना में आयोजित प्रांत स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं को पांच तत्वों को अपने जीवन में उतारने की बात कही है।

भागवत ने कहा कि स्वयंसेवक अपने दैनिक जीवन में सामाजिक समरसता, कुटुंब भाव, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, स्वदेशी का आग्रह और नागरिक कर्तव्य बोध का पालन करें। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों को स्वबोध का स्वाभिमान और स्वदेशी भाव पर जीवन को उत्कृष्ट बनाने की योजना करनी चाहिए, जिससे समाज प्रेरणा पा सके।

उन्होंने कहा कि देव स्थल, सार्वजनिक पानी के स्थल और श्मशान भूमि पर सबका बराबर अधिकार होता है। अपना समाज एक परिवार के समान है। यह परिवारबोध सबके मन में होना चाहिए। स्वयंसेवकों को स्वयं और अन्य लोगों को भी प्लास्टिक के प्रयोग से बचाना चाहिए। पानी के दुरुपयोग और वृक्षों की सुरक्षा-संवर्धन पर भी ध्यान देना चाहिए।

### महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी की कार्रवाई, दिल्ली समेत छह जगह पर छापे

# हवाला कारोबारी की संपत्ति जब्त

कलंक के खिलाफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में हाल में की गई छापेमारी के दौरान दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां जब्त की हैं। साथ ही 3.64 करोड़ रुपए की नगदी एवं कीमती सामान अपने कब्जे में लिया।

ईडी के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर के विभिन्न परिसरों में फिर से छापे मारे गए थे। महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के मामले में ईडी जांच के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ नेताओं और नौकरशाहों की कथित संलिप्तता का संकेत मिला है।

केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में एक हवाला कारोबारी हरि शंकर टिबरेवाल की पहचान की है, जो कोलकाता का रहने वाला है। ईडी के मुताबिक, टिबरेवाल ने महादेव ऐप के प्रवर्तकों के साथ साझेदारी की और वह एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप स्काईएक्सचेंज का मालिक और संचालक भी है।

जांच एजेंसी ने बताया, टिबरेवाल के लाभकारी स्वामित्व वाली 580.78 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियों को निदेशालय ने धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत जब्त किया है। छापेमारी में एजेंसी ने 1.86 करोड़ रुपये की नगदी और 1.78 करोड़ रुपये की कीमती वस्तुएं बरामद कीं।

## अपराध से छह हजार करोड़ रुपये कमाए

प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिफ्तार किया है। संघीय एजेंसी ने पहले कहा था कि ऐप द्वारा अर्जित कथित अवैध धन का इस्तेमाल छत्तीसगढ़ में नेताओं और नौकरशाहों को रिश्वत देने के लिए किया गया था। ऐप के मुख्य प्रवर्तक और संचालक छत्तीसगढ़ के ही हैं। जांच एजेंसी ने इस मामले में अब तक दो आरोप पत्र दायर किए हैं, जिनमें कथित अवैध सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप के दो मुख्य प्रवर्तकों सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ आरोप पत्र भी शामिल हैं। एजेंसी पहले भी इस मामले में कई बार छापे मार चुकी है। ईडी के अनुसार, इस मामले में अपराध से छह हजार करोड़ रुपये कमाए गए।

## जल जीवन मिशन में पहली गिरफ्तारी

ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने राजस्थान में 'जल जीवन मिशन' में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन की अपनी जांच के सिलसिले में पीयूष जैन नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। संघीय एजेंसी ने कहा कि पीयूष को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया और धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जयपुर में गठित एक विशेष अदालत ने उसे ईडी की चार दिनों की हिरासत में भेज दिया। इस मामले में संघीय जांच एजेंसी द्वारा की गई यह पहली गिरफ्तारी है। ईडी का यह मामला भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है।

## पूर्व विधायक विनय शंकर से आठ घंटे पूछताछ

**लखनऊ, प्रसं।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को पूर्व मंत्री स्व. हरिशंकर तिवारी के बेटे और पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी से आठ घंटे तक पूछताछ की। बैंकों के साथ 754 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में चल रही इस जांच में ईडी को बड़े पैमाने पर धन का 'डायवर्जन' कर उसका दुरुपयोग किए जाने से संबंधित साक्ष्य मिले हैं।

सीबीआई की एफआईआर के आधार पर ईडी ने गत 23 फरवरी को मेसर्स गंगोत्री इंटरप्राइजेज लिमिटेड के मुख्य प्रमोटर विनय शंकर समेत अन्य प्रमोटरों, डायरेक्टरों के गोरखपुर, लखनऊ, नोएडा, गुरुग्राम व अहमदाबाद स्थित ठिकानों पर छापा मारा था।

## मणिपुर में तीन उग्रवादी पकड़े

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल वेस्ट जिले से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन केसीपी-एन के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से हथियार, गोला-बारूद बरामद किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि उग्रवादियों के पास से पांच मोबाइल फोन और चार लाख रुपये भी जब्त किए गए हैं। इस बात का संदेह है कि उनके पास से जो हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं वे पूर्व में सुरक्षा बलों से लूटे गए थे।

**सैनिक की मां का शव मिला** : मणिपुर में चार माह से लापता एक सैनिक की मां का शव इंफाल के एक अस्पताल के शवगृह में मिल गया है। महिला का नवंबर में कथित रूप से मैतई समूह अरामभाई तेनगोल संगठन के लोगों ने अपहरण कर लिया था।

दिल्ली विकास प्राधिकरण
एकीकृत यातायात और परिवहन अवसंरचना (योजना एवं इंजीनियरिंग) केंद्र, (ए.या.प.आ.सं.यो.इं.के.)
सार्वजनिक सूचना
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ए.या.प.आ.सं.यो.इं.के. की वेबसाइट अब इस प्रकार है– www.uttipec.org.in
@ddaofficial official_dda official_dda_ Official_dda पर हमें फॉलो करें।
कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.gov.in देखें अथवा टोल फ्री नं. 1800110332 डायल करें।







नि:संतानता एवं टेस्ट ट्यूब बेबी ईलाज
INDIRA IVF
FERTILITY & IVF CENTRE



मातृत्व एक सुखद अहसास IVF से जगी नयी आस
अधिक उम्र में माँ बनना हो रहा है संभव
आधुनिक तकनीकों जैसे आईवीएफ द्वारा अब 40 या उससे अधिक उम्र एवं मासिक धर्म बंद होने पर भी डोनर सर्विसेज़ के माध्यम से माँ बनना संभव हो पा रहा है।
नि:शुल्क परामर्श 8867731100
परामर्श हेतु कौन दम्पति सम्पर्क कर सकते हैं?
• कम/निल शुक्राणु • पुरुष नसबंदी • धीमी गतिशीलता • खराब गुणवत्ता
• बंद फेलोपियन ट्यूब • अण्डों में खराबी • गर्भाशय में रसोली /PCOS • अनियमित पिरियड • एडिनोमायोसिस • एन्डोमेट्रियोसिस
उपलब्ध सेवा – फर्टिलिटी जाँच • IUI • IVF • ICSI • लेज़र हैचिंग • ब्लास्टोसिस्ट • हिस्ट्रोस्कोपी • लेप्रोस्कोपी • डोनर सर्विसेज़
इन्दिरा आई.वी.एफ. हॉस्पीटल प्राइवेट लिमिटेड
दिल्ली (पटेल नगर) :1/14, मेट्रो पिलर नंबर 199 के सामने, पटेल नगर मेट्रो स्टेशन के पास, वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली | दिल्ली (लाजपत नगर) : ब्लॉक बी/24, मेट्रो पिलर नं. -9 के सामने, बंधन बैंक के पास, लाजपत नगर, नई दिल्ली | दिल्ली (रोहिणी)- D-11/145, , रोहिणी ईस्ट मेट्रो स्टेशन, पिलर नं. 391 के सामने, सेक्टर-8, रोहिणी, नई दिल्ली | दिल्ली (द्वारका) : बिबा शोरूम के ऊपर, पालम एक्सटेंशन, रामपाल चौक, ब्रह्मा अपार्टमेन्ट्स के पास, सेक्टर-7, द्वारका | दिल्ली (तिलक नगर) : मेट्रो पिलर नं. 502 के सामने, तिलक नगर मेट्रो स्टेशन के पास, Axis बैंक के पीछे, तिलकनगर, नई दिल्ली | दिल्ली (शाहदरा) : विशाल मेगा मार्ट के सामने छज्जूपुर, दुर्गापुरी चौक के पास, शाहदरा, दिल्ली | दिल्ली (वसंतकुंज) : एलआईसी आफिस के ऊपर, सेक्टर-बी 1, दिल्ली जल बोर्ड के पास, वसंतकुंज, नई दिल्ली | कौशाम्बी (गाजियाबाद) : विश्वकर्मा कॉम्पलेक्स, मेट्रो पिलर नं. 191 के पास, यूनियन बैंक के ऊपर, सेक्टर-14, कौशाम्बी, गाजियाबाद | राजनगर (गाजियाबाद) : C-29, RDC, ICICI बैंक के सामने, राजनगर, गाजियाबाद | गुरुग्राम : पिज्जा हट के पास, सेक्टर-14 कॉमर्शियल मार्केट, पुरानी दिल्ली रोड, गुरुग्राम | नोएडा (सेक्टर-18): बैंक ऑफ बड़ौदा के ऊपर, गरम-धरम ढाबा के आगे, नोएडा कॉम्पलेक्स नं. 17, सेक्टर-18, नोएडा | नोएडा (सेक्टर-34) : इंदिरा आईवीएफ रवि वुमन्स हॉस्पीटल, गोल्फ कोर्स रोड, मेट्रो पिलर 200 के सामने, मोरना बस स्टैंड के पास, नोएडा (निकटतम मेट्रो स्टेशन सेक्टर-34) अपोइन्टमेन्ट हेतु कॉल करें-8585808073
अब नोएडा (सेक्टर-34) में भी
• 120+ Fertility Centres PAN India • Treatment protocol as per patients need • Experienced team of 250+ Fertility Doctors
'बेटी बचाओ-बेटी पढाओ' अभियान में सहयोग करें। भ्रूण लिंग परीक्षण करवाना जघन्य अपराध है यह कार्य हमारे यहां नहीं किया जाता है।
Disclaimer : The models used in the creative is just for illustration purpose only.
"National Guidelines for Accreditation, Supervision & Regulation of ART Clinics in India compliant Clinic"

सत्यमेव जयते
भारत सरकार



# विकसित भारत, विकसित बिहार
# मोदी सरकार की गारंटी

## बिहार में ₹27 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं के साथ देशभर में कुल ₹1 लाख 62 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

- कृष्णा गोदावरी केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 ब्लॉक में डीपवाटर ऑयल फील्ड-एम
- कोयाली-अहमदनगर-सोलापुर प्रोडक्ट पाइपलाइन
- पानीपत रिफ़ाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स में नेफ्था क्रैकर विस्तार परियोजना
- पानीपत रिफ़ाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स में पीएक्स-पीटीए विस्तार परियोजना
- पानीपत रिफ़ाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स में कैटलिस्ट संयंत्र
- विभिन्न अन्य परियोजनाएं

**का उद्घाटन**

- पानीपत रिफ़ाइनरी क्षमता विस्तार परियोजना
- बरौनी रिफ़ाइनरी विस्तार परियोजना
- फाजिल्का (पहले से अधिकृत क्षेत्र को छोड़कर), गंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में सिटी गैस वितरण नेटवर्क परियोजना
- रसायनी में प्रोडक्ट प्राप्ति पाइपलाइन के साथ पीओएल और ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक (एलओबीएस) की स्थापना
- पानीपत रिफ़ाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स में पॉली ब्यूटाडीन रबर प्लांट
- उरण एलपीजी आयात टर्मिनल पर क्रायोजेनिक सुविधाओं का विस्तार
- कटिहार-कुमेदपुर एवं कटिहार-मुकुरिया दोहरीकरण
- विभिन्न अन्य परियोजनाएं

**का शिलान्यास**

- विशाख रिफ़ाइनरी आधुनिकीकरण परियोजना
- मुंबई हाई नॉर्थ पुनर्विकास चरण-IV
- हीरा पुनर्विकास चरण-III
- नया गुंतकल डिपो, गुंतकल, आंध्र प्रदेश
- सुल्तानपुर-झज्जर-हिसार पाइपलाइन परियोजना
- हाजीपुर-बछवारा रेल खंड का दोहरीकरण (72 Km)
- हाजीपुर-रामदयालु नगर रेल खंड का दोहरीकरण (48 Km)
- मुंबई रिफ़ाइनरी, महाराष्ट्र में डीजल हाइड्रोट्रीटर यूनिट के साथ केरोसिन हाइड्रोट्रीटर यूनिट का एकीकरण
- हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड की बरौनी यूरिया इकाई
- मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय का भारत पशुधन डेटा बेस
- विभिन्न अन्य परियोजनाएं

**का राष्ट्र को समर्पण**

अनकापल्ली जिला, आंध्र प्रदेश में भारतीय पेट्रोलियम और ऊर्जा संस्थान परिसर

**का भूमि-पूजन**


**केजी डीडब्ल्यूएन 98/2 परियोजना से पहला तेल वाहक पोत (स्वर्ण सिंधु)**

- दानापुर-जोगबनी एक्सप्रेस (दरभंगा-सकरी के रास्ते)
- जोगबनी-सहरसा एक्सप्रेस
- सोनपुर-वैशाली एक्सप्रेस
- जोगबनी-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस


**की हरी झंडी दिखाकर रवानगी**

1962 पशुपालक ऐप

**का शुभारंभ**



# श्री नरेन्द्र मोदी
## प्रधानमंत्री
के कर-कमलों द्वारा



गरिमामयी उपस्थिति

**श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर**
राज्यपाल, बिहार

**श्री नीतीश कुमार**
मुख्यमंत्री, बिहार

**श्री हरदीप सिंह पुरी**
केंद्रीय मंत्री-पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस व आवासन एवं शहरी कार्य

**श्री गिरिराज सिंह**
सांसद (बेगूसराय लोकसभा) एवं केंद्रीय मंत्री-ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज

**उलाव, बेगूसराय, बिहार शनिवार, 2 मार्च 2024, सायं 04:30 बजे**

### परियोजनाओं के लाभ

- ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए आत्मनिर्भर भारत का निर्माण
- 36 करोड़ से अधिक मानव दिवस रोजगार सृजन
- राष्ट्रीय तेल और गैस उत्पादन में 7% की वृद्धि
- बेहतर रेलवे कनेक्टिविटी के द्वारा सुगम आवागमन
- किसानों को किफायती यूरिया की उपलब्धता
- देशभर के पशुपालकों तक उनके पशुओं तथा पशुपालन सम्बंधित सभी जानकारी
- प्रतिवर्ष 5 लाख टन से अधिक ग्रीनहाउस उत्सर्जन में कमी
- नेट–जीरो के लक्ष्य को पाने के लिए कटिबद्ध

रक्षा मंत्रालय ने तीन कंपनियों के साथ 39 हजार करोड़ रुपये से अधिक का किया करार

# पांच रक्षा खरीद सौदों पर सहमति से भारतीय सेना और सशक्त होगी

**मेक इन इंडिया**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देते हुए शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय ने पांच प्रमुख सैन्य खरीद अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए। मंत्रालय के मुताबिक, कुल 39,125 करोड़ रुपये के खरीद सौदों पर सहमति बनी।

इनमें एक समझौता हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ हुआ, जिसमें मिग-29 विमान के लिए हवाई इंजन की खरीद होगी। इससे भारतीय सेना और मजबूत होगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा सचिव गिरिधर अरामने की मौजूदगी में अनुबंधों का आदान-प्रदान हुआ। मंत्रालय ने बताया कि दो समझौते लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड के साथ किए गए हैं। इसके तहत क्लोज-इन वेपन सिस्टम (सीआईडब्ल्यूएस) और उच्च क्षमता वाले रडार की खरीद की जाएगी। वहीं ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए दो सौदे ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) के साथ हुए। ये समझौते स्वदेशी क्षमता को मजबूत करेंगे।



नई दिल्ली में शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में लार्सन एंड टुब्रो के साथ सौदों को लेकर करार हुआ। ● एएनआई

## बीएपीएल से अधिक राशि का करार

एचएएल के साथ मिग-29 विमानों के लिए आरडी-33 एयरो इंजन का अनुबंध 5,249.72 करोड़ रुपये की लागत से हुआ। इनका उत्पादन एचएएल के कोरापुट डिवीजन द्वारा होगा। यह भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की आवश्यकता को पूरा करेंगे। वहीं लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड से मंत्रालय ने 7,668.82 करोड़ रुपये की लागत से समझौता किया।

## 1.35 करोड़ रोजगार की संभावना

रक्षा मंत्रालय का बीएपीएल से ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए भी 19,518.65 करोड़ रुपये की लागत से अनुबंध हुआ है। मंत्रालय ने बताया कि इस परियोजना से देश में संयुक्त उद्यम इकाई में नौ लाख मानव दिवस और सहायक उद्योगों (एमएसएमई सहित) में लगभग 1.35 करोड़ रोजगार पैदा होने की संभावना है।

# सेमीकंडक्टर उत्पादन युग में प्रवेश को तैयार : वैष्णव

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** रेल, संचार व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि भारत सेमीकंडक्टर उत्पादन युग में प्रवेश करने जा रहा है। भविष्य में घरेलू जरूरतों को पूरा करने के साथ सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत विश्व में अग्रिम पंक्ति में खड़ा नजर आएगा। इससे नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और देश आत्मनिर्भर बनेगा।

अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन में पत्रकारों को बताया कि नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के साथ ही देश में सेमीकंडक्टर के निर्माण के लिए ईकोसिस्टम बनाने का शुरू कर दिया था। सेमीकंडक्टर बनाने में 16 हजार तरह के रसायन और विभिन्न उत्पाद लगते हैं। इसके लिए पूरा तंत्र (ईकोसिस्टम) बनाना होता है।

यह वैश्विक उत्पाद है। कोई भी देश इसको अपने बूते पर नहीं बना सकता है। इसमें रसायन के साथ ही गैस का उपयोग किया जाता है। सरकार ने भारत को सेमीकंडक्टर निर्माण का प्रमुख वैश्विक केंद्र बनाने के लिए 20 वर्षो का रोडमैप तैयार किया है। सरकार इस तरह देश में अब तक चार इकाइयों को मंजूरी दे चुकी है। जिनमें वार्षिक तीन हजार करोड़ चिप निर्माण होगा। देश में करीब 24 लाख करोड़ रुपये के चिप निर्माण की उम्मीद है।

**इकाइयों का निर्माण 100 दिनों में शुरू हो जाएगा :** वैष्णव ने बताया कि गत दिवस कैबिनेट में मंजूर की गई इकाइयों का निर्माण 100 दिनों में शुरू हो जाएगा।

## छात्रों को जानकारी दे रहे


केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 104 विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी कर छात्रों को सेमीकंडक्टर के बारे में बताया जा रहा है। उनको इसके लिए तैयार किया जा रहा है। स्टार्टअप का सहयोग भी लिया जा रहा है। अभी भारत में दुनिया के तीन लाख डिजाइन इंजीनियर हैं, जो पूरी दुनिया भर की कंपनियों के लिए सेमीकंडक्टर डिजाइन का काम कर रहे हैं।



## स्वदेशी तरीके से बनेंगे

वैष्णव ने कहा कि उन्नत पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों को भारत में स्वदेशी रूप से विकसित किया जाएगा। ये इकाइयां 20 हजार उन्नत प्रौद्योगिकी नौकरियों का प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 60 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करेंगी। ये इकाइयां डाउनस्ट्रीम ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, दूरसंचार विनिर्माण, औद्योगिक विनिर्माण और अन्य सेमीकंडक्टर उपभोक्ता उद्योगों में रोजगार सृजन में तेजी लाएंगी।

## देश 30s



शादी के बाद शुक्रवार को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर पहुंचे रकुल प्रीत और जैकी।

### स्वर्ण मंदिर पहुंचे रकुल और भगनानी

**अमृतसर।** नवविवाहित रकुल प्रीत सिंह और निर्माता जैकी भगनानी ने शुक्रवार को पंजाब के अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में आशीर्वाद मांगा। रकुल ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपने पति जैकी के साथ स्वर्ण मंदिर में पोज देती हुई दिख रही हैं। उन्होंने इस तस्वीर को कैप्शन भी दिया। एक और तस्वीर में उनके साथ रकुल का परिवार भी शामिल था।

### छात्र की मौत के मामले में दो और गिरफ्तार

**वायनाड।** केरल पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के एक छात्र की हाल में हुई मौत के मामले में शुक्रवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं कांग्रेस ने सत्तारूढ़ माकपा की छात्र शाखा 'स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' पर युवक की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दो आरोपियों ने गुरुवार रात आत्मसमर्पण कर दिया।

### राजीव गांधी हत्याकांड के दोषी का शव श्रीलंका भेजा

**चेन्नई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए श्रीलंकाई नागरिक संथन का शव शुक्रवार को अंतिम संस्कार के लिए श्रीलंका ले जाया गया। 55 वर्षीय संथन उर्फ टी. सुतेनदिराराजा एक श्रीलंकाई नागरिक था और उन सात लोगों में से एक था जिसे पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के जुर्म में जेल की सजा काटने के बाद 2022 में रिहा कर दिया था।

### नौकरशाह से अभिनेता बने के. शिवराम का निधन

**बेंगलुरु।** नौकरशाह से अभिनेता बने के. शिवराम का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने गुरुवार को एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे थे। के. शिवराम कन्नड़ भाषा में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा पास करने वाले पहले व्यक्ति थे। रक्तचाप में उतार-चढ़ाव के कारण उन्हें अस्पताल ले जाया गया था।

### संसद में चूक मामले में आरोपियों की हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** संसद सुरक्षा में चूक मामले में सभी छह आरोपियों की हिरासत 11 मार्च तक बढ़ा दी गई है। आरोपियों को शुक्रवार को पटियाला हाउस कोर्ट स्थित सेशन जज हरदीप कौर के सामने पेश किया गया था। अदालत ने सभी आरोपियों को अनुमति देते हुए न्यायिक हिरासत 11 मार्च तक बढ़ा दी है। मामले में 13 दिसंबर को आरोपियों ने संसद भवन पर हुए हमले की बरसी के दिन नारेबाजी और रंगीन गैस छोड़कर अफरातफरी मचाई थी।

### सीआईसी के फैसले के खिलाफ अर्जी पर राय मांगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पीएम केयर्स फंड संबंधी सूचना एक आरटीआई आवेदक को मुहैया कराने के केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के निर्देश को रद्द करने के फैसले के खिलाफ दाखिल याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की और आयकर विभाग से मामले में अपने रुख से अवगत कराने को कहा।कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन एवं न्यायधीश मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने आयकर विभाग को लिखित जवाब देने का निर्देश दिया। इस मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दी।

# गूगल ने 10 कंपनियों के ऐप हटाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गूगल ने प्ले स्टोर से विवाह साइट शादी डॉट कॉम, भारत मैट्रोमोनी समेत 10 कंपनियों के ऐप्स हटा दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सेवा शुल्क भुगतान विवाद को लेकर गूगल की तरह से कार्रवाई की गई है।

शुक्रवार को गूगल ने कहा कि कई जानी-मानी फर्मों सहित कई कंपनियां उसके 'बिलिंग' मानदंडों का उल्लंघन कर रही हैं। ये कंपनियां बिक्री पर लागू प्ले स्टोर सेवा शुल्क का भुगतान नहीं कर रही हैं।

इस रिपोर्ट में गूगल ने फर्मों के नाम नहीं बताए हैं, लेकिन एंड्रॉइड फोन पर प्ले स्टोर से विवाह ऐप्स के अलावा बालाजी टेलीफिल्म्स का ऑल्ट, ऑडियो प्लेटफॉर्म कुकू एफएम, डेटिंग सर्विस क्वैक क्वैक, ट्रूली मैडली जैसे ऐप गायब हो गए। गूगल ने कहा कि इन डेवलपर को तैयारी के लिए तीन साल से अधिक का समय दिया गया। इसमें उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद दिया गया तीन सप्ताह का समय भी शामिल है। गूगल ने कहा कि इसके बाद अब वह यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है, कि उसकी नीतियां सभी पर समान रूप से लागू हों। बता दें, यह विवाद गूगल द्वारा इन-ऐप भुगतान पर 11 प्रतिशत से 26 प्रतिशत शुल्क लगाने को लेकर है। क्योंकि प्रतिस्पर्धा-विरोधी संस्था सीसीआई ने 15 प्रतिशत से 30 प्रतिशत चार्ज करने की पुरानी प्रणाली को खत्म करने का आदेश दिया था। प्ले स्टोर से ऐप गायब होने पर भारत मैट्रिमोनी के संस्थापक मुरुगावेल जानकीरमन ने कहा कि यह कदम सही नहीं है। वहीं कुकू एफएम के सह-संस्थापक विनोद कुमार मीना ने कहा कि गूगल एक 'एकाधिकार' की तरह व्यवहार कर रहा है।




## इन कंपनियों ने दी चुनौती

सुप्रीम कोर्ट में गूगल प्ले स्टोर शुल्क पर कई कंपनियों ने चुनौती दी हैं। इसमें मेट्रोमोनी डॉट कॉम, शादी डॉट कॉम, इंफोऐज, अनएकेडमी, ट्रूली मैडली, अहा, ऑल्ट, डिज्नी प्लस हॉटस्टार, स्टेज, कुटुंब, प्रतिलिपि, आनंद विकटन, क्राफ्टो, टेस्टबुक और कुकू एफएम शामिल हैं।

# कई देश रुपये में व्यापार शुरू करने को इच्छुक : सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि कई देश रुपये में व्यापार शुरू करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की बुनियाद मजबूत है और भारतीय मुद्रा ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले लगभग स्थिर है।

सीतारमण ने यह बात जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में पंडित हृदय नाथ कुंजरू मेमोरियल व्याख्यान-2024 में कही। उन्होंने कहा कि भारत ने निजी निवेश के लिए हर क्षेत्र को खोल दिया है। देश नए साधनों का इस्तेमाल करके कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर और विनिर्माण जैसे उभरते क्षेत्रों को राजकोषीय और नीतिगत समर्थन देगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जी-20 या संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंच अब संस्थानों में सुधार के लिए भारत की बात सुन रहे हैं। सीतारमण ने कहा कि भारतीय रुपया कई अन्य मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कहीं अधिक स्थिर रहा है। यह वजह है कि आज कई देश रुपये में व्यापार करना चाहते हैं।



कहा, भारतीय मुद्रा ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले स्थिर

# थप्पड़ कांड में छात्रों की कांउसिलिंग जारी

**नई दिल्ली,विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मुजफ्फरनगर के एक स्कूल में होमवर्क नहीं करने पर शिक्षिका द्वारा कथित तौर पर एक छात्र को सहपाठी से पिटवाने के मामले में पारित पिछले आदेशों का पालन कर लिया गया है। सरकार ने इस घटना में शामिल छात्रों के काउंसिलिंग की स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 24 अप्रैल तक कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

जस्टिस अभय एस. ओका और उज्ज्ल भुइयां की पीठ के समक्ष यूपी सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने यह जानकारी दी। पीठ ने विचार के बाद कार्यशाला के आयोजन के बारे में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।


## दिल्ली छावनी परिषद
### निविदा सूचना

दिल्ली छावनी परिषद निम्न विवरणानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा के माध्यम से समुचित संवर्ग में सरकारी स्वीकृत ठेकेदारों से निविदाएं आमंत्रित करता है:

ई-प्रोक्युरमेंट के जरिए निविदा के निर्गमन की तिथि : 08.03.2024 को 17.00 बजे
निविदा आलेख्यों को डाउनलोड करने की अंतिम तिथि व समय : 03.04.2024 को 13.00 बजे तक
ई-निविदाओं की प्रस्तुति की अंतिम तिथि व समय : 03.04.2024 को 13.00 बजे तक
ई-निविदाओं के खुलने की तिथि व समय : 04.04.2024 को 13.30 बजे

**कार्य का विवरण**

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुबंध राशि | जमा धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | संरचनात्मक रूप से कमजोर और जीर्ण-शीर्ण महात्मा ज्योतिबा फुले सीबी सीनि. सैकेण्डरी स्कूल भवन, गांव झरेड़ा का परिवर्धन/परिवर्तन, स्कूल बिल्डिंग की रिमॉडलिंग और कक्षाओं हेतु स्थानों का निर्माण। | रु. 3,00,00,000/- | रु. 3,75,000/- |
| 2. | बेहतर स्थान प्रबंधन हेतु और मौजूदा तलघर पर अतिरिक्त सुविधाओं हेतु स्थान के निर्माण हेतु छावनी सार्वजनिक चिकित्सालय का परिवर्धन/परिवर्तन साथ में छावनी सार्वजनिक चिकित्सालय, दिल्ली छावनी में दो तलों का निर्माण। | रु. 1,70,00,000/- | रु. 2,45,000/- |
| 3. | एनएच-8 परेड रोड जंक्शन के निकट के क्षेत्र और परेड रोड, दिल्ली छावनी पर अधिक बाढ़ से बचने हेतु छावनी के ड्रेनेज सिस्टम का सुधार। | रु. 90,00,000/- | रु. 1,60,000/- |

बोलीदाता http://defproc.gov.in और www.delhi.cantt.gov.in की वेबसाइट से तकनीकी बोली में प्रदान किए गए अनुसार विस्तृत नि.आ.सू., नियम व शर्तें, विशिष्ट विशिष्टियों, विशेष शर्तें, अंखडता समझौते के हस्ताक्षर करने, जीएफआर 2017 प्रावधानों के अनुपालन, सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को प्राथमिकता), आदेश 2017 की प्रयोज्यता आदि समेत ''निविदा आलेख्य'' और लागू अनुसार अन्य नियम व शर्तें डाउनलोड कर सकते हैं।

कृपया ध्यान दें कि निविदा आलेख्यों में कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र होने पर उसे वेबसाइट http://defproc.gov.in और छावनी परिषद की वेबसाइट www.delhi.cantt.gov.in पर अपलोड किया जाएगा। सभी इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी दरें कोट करने से पहले संशोधनों, स्पष्टीकरणों, शुद्धिपत्रों आदि की जांच करने हेतु उपरोक्त वेबसाइटों को देखना होगा और उसपर ध्यान न देने पर बोलीदाताओं को कोई भी मुआवजा, चाहे जो कुछ भी हो, अनुमत्य नहीं होगा।

टेलीफोन नं. 25695450
नं. डीसीबी/8/सी-1/टीएन/2023-24/16
कार्यालय छावनी परिषद
वेबसाइट: www.delhi.cantt.gov.in

ह./-
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
दिल्ली छावनी



## स्थानिक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, नई दिल्ली ।

बिहार सरकार

### अति–अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या 13/2023.24

बिहार भवन, बिहार निवास, चाणक्यपुरी नई दिल्ली हेतु निम्नलिखित कार्यों के लिए बिहार राज्य अंतर्गत भवन प्रमंडल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी में निबंधित संवेदक बिहार लोक निर्माण विभाग में होने वाले कार्यों के लिए मुहर बंद कोटेशन आमंत्रित की जाती है ।

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– स्थानिक अभियंता, भवन प्रमंडल, नई दिल्ली ।
2. परिमाण विपत्र के बिक्री की तिथि :– 07–03– 2024 (अपराह्न 1:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 11–03– 2024 (अपराह्न 3:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11–03– 2024 (अपराह्न 3:30 बजे तक )
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) स्थानिक अभियंता कार्यालय बिहार निवास चाणक्यपुरी, नई दिल्ली । (2) उप स्थानिक अभियंता कार्यालय बिहार सदन, द्वारका नई दिल्ली । (3) अधीक्षण अभियंता कार्यालय दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग,बिहार पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– स्थानिक अभियंता कार्यालय बिहार निवास चाणक्यपुरी, नई दिल्ली ।

कार्य का विवरणी:–

| Sl. No | Name Of Work |
|---|---|
| 01 | AMC work of Plumbing System, cleaning of Sewer line and grease chamber of Bihar Bhawan and Bihar Niwas, New Delhi for the year 2024-25 |
| 02 | AMC with parts of Sensor Lock at Bihar Bhawan and Bihar Niwas, New Delhi for the year 2024-25 |

अधिक जानकारी हेतु संबंधित उप स्थानिक अभियंता एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में संपर्क करेंगें विशेष शर्तें, मद एवं मात्रा की विस्तृत जानकारी हेतु सूचना पट्ट या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से संपर्क करें ।

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 18550 ( B C D ) 2023-24

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है

स्थानिक अभियंता
भवन प्रमंडल, नई दिल्ली ।



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण निर्माण विभाग परिमण्डल, देहरादून

फोन/फैक्स: 0135-2789747, ईमेल- s.e.r.e.s.gov@gmail.com

पत्रांक 1255/ग्रा०नि०वि०/निविदा सूचना-17/2023-2024 दिनांक- 01/03/2014

### ई-निविदा संशोधन सूचना

इस कार्यालय की ई-निविदा सूचना सं0 1254 ग्रा0नि0वि0/ निविदा सूचना-17/ 2023-2024 दिनांक **29.02.2024** के द्वारा आमन्त्रित निविदाओं में निविदा आमन्त्रण की तिथि **14.01.2024** के स्थान पर **14.03.2024** तथा ऑनलाइन डाउनलोडिंग की अन्तिम तिथि **13.01.2024** के स्थान पर **13.03.2024** पढ़ी जाय। निविदा से सम्बन्धित शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

(इं अनिल कुमार गुप्ता) अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग परिमण्डल देहरादून



## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)
E-mail : dgm_rdr@rediffmail.com

पत्रांक : 941/वि.वि.म.(उ.)/ दिनांक : 01.03.2024

### ई–निविदा सूचना

विद्युत वितरण मण्डल रूद्रपुर निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करता है :–

| क० सं० | ई–निविदा संख्या | कार्य का नाम | ई–निविदा कय करने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने तथा हार्ड प्रति जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ई–निविदा की तकनीकी बिड पार्ट–I (EMD & Tender Cost, Rate Validity) ऑफ लाइन खुलने की तिथि एवं समय | ई–निविदा तकनीकी बिड ऑफ लाइन/ ऑन लाइन खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वि0वि0म0(उ0) 64/2023–24 | विद्युत वितरण उपखण्ड, रूद्रपुर–द्वितीय के 33/11 के0वी0 उपसंस्थान नवोदय के अन्तर्गत 11 के0वी0 के विभिन्न पोषकों पर स्थापित वितरण परिवर्तकों (500/400/250/100/63 के0वी0ए0) की केमिकल अर्थिंग का कार्य । | 15.03.2024 12:00 बजे तक | 16.03.2024 12.00 बजे | 16.03.2024 14:00 बजे |
| 2 | वि0वि0म0(उ0) 65/2023–24 | विद्युत वितरण उपखण्ड, रूद्रपुर–द्वितीय के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 उपसंस्थान दानपुर से निकलने वाले 11 के0वी0 दानपुर पोषक के पुराने डाग कण्डक्टर की रिसैगिंग एवं उसी लाईन पर 11 के0वी0 के डबल सर्किट का निर्माण कार्य। | 15.03.2024 12:00 बजे तक | 16.03.2024 12.00 बजे | 16.03.2024 14:00 बजे |
| 3 | वि0वि0म0(उ0) 66/2023–24 | विद्युत वितरण उपखण्ड, रूद्रपुर–द्वितीय के अन्तर्गत 132/33 के0वी0 उपकेन्द्र भदईपुरा से 33/11 के0वी0 उपसंस्थान दानपुर को जोड़ने वाली 33 के0वी0 लाईन के पुराने तार को बदलने का कार्य। | 15.03.2024 12:00 बजे तक | 16.03.2024 12.00 बजे | 16.03.2024 14:00 बजे |

कार्य, मदें एवं शर्तें विभागीय वैब साईट www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं
Customer Toll Free No. 18004190405

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल रूद्रपुर



## कार्यालय–अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, मेरठ परिमण्डल मेरठ अपर आयुक्त उद्योग परिसर, सूरजकुण्ड रोड, मेरठ

पत्रांकः 2435(A)/ 'ग्रा0अ0वि0 / निविदा–पत्रा0सं0–92 / गौ0बु0नगर / ITI / 2023–24, दिनांकः– 17.02.2024

### –: ई–प्रोक्योरमेन्ट अल्पकालीन निविदा सूचना :–

1– महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग मेरठ परिमण्डल मेरठ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा प्रतिशत दर में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 मे पंजीकृत ठेकेदारों कॉलम सं0–8 के अनुसार (जैसा लागू हो) से आंमत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) जी..एस.टी. रहित | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गौ0बु0 नगर | राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नोएडा में कक्षाओं एवं प्रयोगशाला भवन की मरम्मत का कार्य | 44.69 | 0.90 | 2714.00 | 05 माह | श्रेणी "ए", बी एवं सी (भवन) |

नोट :– जी0एस0टी0 नवीनतम शासनादेशों के अनुसार पृथक से देय होगी।
2–निविदा प्रपत्रों की वैबसाईट (http//etender.up.nic.in ) पर प्रकाशित होने की तिथि एवं समयः– दिनांक 13.03.2024 प्रातः–10:00 बजेसे
3– ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदाये डाउनलोड/सबमिट करने की प्रारम्भ तिथि एवं समय :– दिनांक 13.03.2024 दोपहरः–12:00 बजे से
4– ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदा सबमिट करने की अन्तिम तिथि एवं समयः– दिनांक 22.03.2024 प्रातः–12:00 बजे तक
5–ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 23.03.2024 अपरान्हः 12:30 बजे
6–आईटीबी के क्लॉज–10 के अनुसार अधोहस्ताक्षरी के पास निविदाओं में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है, जो किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। अतः इच्छुक निविदादाता ई–टेन्डरिंग की वैबसाईट नियमित रूप से देखते रहे।
7–शेष शर्ते एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए (http//etender.up.nic.in ) पर लॉगइन करें।

( रविकान्त वर्मा )
अधीक्षण अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
मेरठ परिमण्डल मेरठ

UP : 204723 Dt.: 28.02.2024
Website: www.upgov.nic.in



## कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन, अटल नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़

क्रमांक/निर्माण/विविध/2023-24/12809 नवा रायपुर, दिनांक - 28.02.2024

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Website : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | जिले का नाम | कार्य का नाम | लागत राशि (राशि रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | बलरामपुर | आमाकोना एवं डोंडचांपी, कोरियापारा में एम.पी.सी प्री-फेबरीकेटेड स्ट्रक्चर में भवन का निर्माण कार्य। | 118.80 |
| 2 | बिलासपुर | दोधीनार एवं केराचुआ में एम.पी.सी प्री-फेबरीकेटेड स्ट्रक्चर में भवन का निर्माण कार्य। | 118.80 |
| 3 | धमतरी | कमारपारा में एम.पी.सी प्री-फेबरीकेटेड स्ट्रक्चर में भवन का निर्माण कार्य। | 59.40 |
| 4 | गरियाबंद | चितकीमुड़ा में एम.पी.सी प्री-फेबरीकेटेड स्ट्रक्चर में भवन का निर्माण कार्य। | 59.40 |
| 5 | जशपुर | जामुनजोबला, बलादरपाठ, पुजारकोना, लाइनपारा, लोधेनापाठ, सारूधप, कसाइपानी, अम्बापाकरी, रंगपुर, झुमराडोमर एवं चरकाघाट में एम.पी.सी प्री-फेबरीकेटेड स्ट्रक्चर में भवन का निर्माण कार्य। | 653.45 |
| 6 | कबीरधाम | भक्कारी एवं चोरहा में एम.पी.सी प्री-फेबरीकेटेड स्ट्रक्चर में भवन का निर्माण कार्य। | 118.80 |
| 7 | गड़ई-खैरागढ़-छुईखदान | बैगापारा एवं सिंगारपुर में एम.पी.सी प्री-फेबरीकेटेड स्ट्रक्चर में भवन का निर्माण कार्य। | 118.80 |
| 8 | कोरबा | केराकछार में एम.पी.सी प्री-फेबरीकेटेड स्ट्रक्चर में भवन का निर्माण कार्य। | 59.40 |
| 9 | नारायणपुर | मुतेनतोड़ा, घमण्डी, कोदाहूर, कलहाजा, रेंगाबेड़ा, बालेबेड़ा, पिड़ीकापाल, करकाबेड़ा, जतवार एवं बोरानिरपी में एम.पी.सी प्री-फेबरीकेटेड स्ट्रक्चर में भवन का निर्माण कार्य। | 594.05 |
| 10 | रायगढ़ | बिरहोरपारा में एम.पी.सी प्री-फेबरीकेटेड स्ट्रक्चर में भवन का निर्माण कार्य। | 59.40 |
| 11 | सरगुजा | सरहापानी एवं बंकेशमा में एम.पी.सी प्री-फेबरीकेटेड स्ट्रक्चर में भवन का निर्माण कार्य। | 118.80 |
| 12 | मुंगेली | चिरहट्टा में एम.पी.सी प्री-फेबरीकेटेड स्ट्रक्चर में भवन का निर्माण कार्य। | 59.40 |
| 13 | महासमुंद | कमारडेरा ग्राम पंचायत धनसूली एवं कमारडेरा ग्राम पंचायत जोरातराई में एम.पी.सी प्री-फेबरीकेटेड स्ट्रक्चर में भवन का निर्माण कार्य। | 118.80 |
| 14 | मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर | पटेराटोला एवं खालेपारा में एम.पी.सी प्री-फेबरीकेटेड स्ट्रक्चर में भवन का निर्माण कार्य। | 118.80 |
| 15 | गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही | अगरियापारा में एम.पी.सी प्री-फेबरीकेटेड स्ट्रक्चर में भवन का निर्माण कार्य। | 59.40 |

उपरोक्त 15 निविदायें पृथक-पृथक आवेदन की जावेगी। निविदा तिथियां निम्नानुसार दर्शित की गई है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रकिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देख सकते हैं।

| | |
|---|---|
| Date and time of pre-proposal conference | Date 07.03.2024 At 3:00 P.M. at Office Of Commissioner, Scheduled Tribes And Scheduled Caste Development Department, Government Of Chhattisgarh Address : Block-D, Ground Floor, Indravati Bhawan, Atal Nagar, Nava Raipur. |
| Last Date And Time For Uploading Of E-Tender in E-Procurement Platform On Or Before. | Date 12.03.2024 by 5:00 P.M. |
| Last date for submission of physical bid | Date 13.03.2024 by 5:00 P.M. |
| Technical bid will Be Opened Online By The Authorized Officer on | Date 14.03.2024 by 11:00 A.M. |
| The Price Bid will Be opened online on | Date - 15.03.2024 by 11:00 A.M. |

(टी चक्रवर्ती), कार्यपालन अभियंता
G-08215/4 आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# विकसित भारत,
# विकसित पश्चिम बंगाल
# मोदी सरकार की गारंटी









## पश्चिम बंगाल को ₹15 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

# नरेन्द्र मोदी

**प्रधानमंत्री**

के करकमलों द्वारा

शनिवार, 2 मार्च, 2024, कृष्णनगर, नदिया

### शिलान्यास

डीवीसी का रघुनाथपुर ताप विद्युत केन्द्र, चरण-II

### उद्घाटन

- डीवीसी का मेजिया ताप विद्युत केन्द्र - 7 एवं 8 रेट्रोफिटिंग प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली-फ्लू-गैस डी-सल्फराइजेशन इकाईयां ( 2 x 500 मेगावाट )
- एनएचडीपी चरण-III के अधीन 103 किमी तक एनएच-34 के फरक्का-रायगंज सेक्शन का 4-लेनिंग
- दामोदर - मोहिशिला डब्लिंग ( 8 किमी )
- बाजारसाओ - आज़िमगंज जंक्शन डब्लिंग ( 42 किमी )
- रामपुरहाट - मुराराय तृतीय लाइन ( 29 किमी )

आज़िमगंज - मुर्शिदाबाद नया लाइन ( 7 किमी )

### राष्ट्र को समर्पण

### परियोजनाओं के लाभ

- देश और राज्य की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना
- रोजगार सृजन और आसपास के क्षेत्रों का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास
- अधिक रेलगाड़ियाँ चलाने की सुविधा, जिससे यात्री सुविधा में वृद्धि होगी
- मल्टी-ट्रैकिंग और वैकल्पिक मार्ग के उद्घाटन के साथ बंगाल के दक्षिणी हिस्से से उत्तरी बंगाल और उत्तर-पूर्वी राज्यों तक तेज़ परिवहन लिंक
- गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढाँचे के निर्माण के लिए राजमार्ग परियोजनाएँ सरकार के विज़न 2047 के अनुरूप हैं
- बेहतर परिवहन बुनियादी ढांचे के साथ पश्चिम बंगाल के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए वरदान

### गरिमामयी उपस्थिति

**डॉ. सी.वी. आनंद बोस**
राज्यपाल, पश्चिम बंगाल

**ममता बनर्जी**
मुख्य मंत्री, पश्चिम बंगाल

**अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल मंत्री

**नितिन जयराम गडकरी**
केन्द्रीय मंत्री
सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग

**आर.के.सिंह**
केन्द्रीय मंत्री
विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा

**कृष्ण पाल गुर्जर**
केन्द्रीय राज्य मंत्री,
विद्युत और भारी उद्योग

**मुकुल रॉय**
विधायक, कृष्णनगर, उत्तर

**उज्ज्वल विश्वास**
विधायक, कृष्णनगर, दक्षिण

# सिर पर छत का हक

लखनऊ के अकबरनगर की अवैध कॉलोनियों को ढहाए जाने संबंधी इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध दायर याचिका की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी के गहरे अर्थ हैं कि सिर के ऊपर छत लोगों का मूलभूत अधिकार है। देश की पिछली जनगणना के आंकड़ों के आलोक में इस टिप्पणी का मानवीय महत्व कहीं बेहतर समझा जा सकता है। साल 2011 की जनगणना ने हमें बताया था कि देश में 17.5 लाख से अधिक लोगों के पास छत नहीं है। सर्दी, गरमी और बरसात में वे फुटपाथों पर जीने को मजबूर हैं। पिछले 13 वर्षों में यह आंकड़ा घटा या बढ़ा इसका पुख्ता प्रमाण तो हमें अगली जनगणना से ही मिलेगा। निस्संदेह, सरकारें इस समस्या से गाफिल नहीं हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सभी बेघरों को पक्की छत मुहैया कराने का संकल्प इसकी तस्दीक करता है। इस मामले में प्रयास भी हो रहे हैं, मगर विडंबना यह है कि एक तरफ निर्माण की कवायद हो रही है, तो दूसरी ओर जगह-जगह अवैध बस्तियों के ढहाए जाने से कई परिवार बेघर भी हो रहे हैं। ऐसे में, शीर्ष अदालत का यह कहना बिल्कुल वाजिब है कि किफायती दर पर घर मुहैया कराने में सरकारी नीतियों की नाकामी ने अवैध बस्तियों का विस्तार किया है।

यह किसी एक प्रदेश या शहर की बात नहीं है, देश के तमाम महानगरों और छोटे-बड़े शहरों के सामने अवैध कॉलोनियों की गंभीर समस्याएं हैं। जाहिर है, ये रातोंरात नहीं उग आईं। स्थानीय रसूखदारों और सरकारी अधिकारियों की सांठगांठ ने इनका विस्तार किया है। फिर इनमें से कई तो दशकों पुरानी हैं। कहने की आवश्यकता नहीं, ऐसी बस्तियों को खाली कराते समय अतिरिक्त संवेदनशीलता बरती जानी चाहिए। विस्थापित होने वाले लोग देश के ही नागरिक हैं और उन्हें विकल्प मुहैया कराने का दायित्व भी तंत्र का ही है। हमने पूर्व में देखा है कि राजधानी दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान यमुना किनारे बसी अनेक बस्तियां उजड़ी जगहों पर शांतिपूर्वक स्थानांतरित की गईं। दुर्योग से सरकारों की अच्छी मंशा भी कई बार तंत्र का शिकार हो जाती है। बुलडोजर तो उपयोग के लिए ही बने हैं, मगर वे इस्तेमाल के लिए मानवीय विवेक की भी मांग करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही तंत्र को यह बताया है।

**शीर्ष अदालत का यह कहना वाजिब है कि किफायती दर पर घर मुहैया कराने की हमारी नीतियों की नाकामी की वजह से ही देश में अवैध बस्तियां बढ़ी हैं।**

निस्संदेह, सरकारी भूमि के किसी भी अतिक्रमण का बचाव नहीं किया जा सकता। अवैध कॉलोनियों के निर्माण से शहरी प्रबंधन पर भी तमाम तरह के दबाव बढ़ते हैं। इनमें रहने वालों की ओर से सड़क, परिवहन, विद्युत, जलापूर्ति आदि तमाम बुनियादी जरूरतों की मांग होती है। मगर सवाल है कि ऐसी कॉलोनियों के बसते समय तंत्र में बैठे कितने जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होती है? राजनीतिक वोटों के लोभ में अनेक बस्तियों को नियमित किए जाने से भी इस प्रवृत्ति को बढ़ावा मिला है। इसलिए वक्त आ गया है कि सरकारें अपने-अपने राज्यों में ऐसी योजनाएं शुरू करें, जिनसे किफायती दर पर लोगों को घर उपलब्ध हो सके। केंद्र सरकार के आकलन के मुताबिक, साल 2030 तक चालीस फीसदी भारतीय आबादी शहरों में रह रही होगी। ऐसे में, भविष्योन्मुखी शहरी नियोजन कार्यक्रमों को किस रफ्तार की जरूरत है, यह बताने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। अगले कुछ वर्षों में, जब हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे, तब विश्व हमसे यह भी पूछेगा कि देश की यह खुशहाली हाशिये के लोगों के जीवन को कितना बदल सकी?

**आज जिस तरह एक के बाद दूसरे प्रदेश में विधायक और सांसद पाला बदलने लगे हैं, उससे दल-बदल कानून उपहास का विषय बन गया है। ऐसे में, सन् 1985 में इससे जुड़ा संविधान संशोधन पारित करते समय संसद की जो चिंताएं व भावनाएं थीं, वे एक बार फिर प्रासंगिक हो उठी हैं।**

**आमने-सामने**

# मकसद तो नेक, मगर खामियां भी कम नहीं



यहां स्कैन करें

एस जयपाल रेड्डी | सांसद, जनता पार्टी

मैं इस ऐतिहासिक विधेयक का दिल से स्वागत करता हूं, यद्यपि इसके कुछ खंडों पर मेरी आपत्तियां हैं। मेरे मित्र प्रोफेसर मधु दंडवते ने सुबह ठीक ही कहा था कि महात्मा गांधी तथा लोकनायक जयप्रकाश नारायण की याद में यह एक सही श्रद्धांजलि होगी। मैं कहूंगा कि यह आचार्य नरेंद्र देव की याद के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी, क्योंकि उन्होंने कांग्रेस पार्टी से त्यागपत्र देने के बाद स्वेच्छा से विधानसभा से भी त्यागपत्र दे दिया था।

हमारे विधि मंत्री जी ने सही बताया कि दल-बदल का यह रोग विशेष रूप से पिछले दो दशकों से भारतीय लोकतंत्र को दूषित कर रहा है। 1983 में चुनाव आयुक्त द्वारा किए गए एक महत्वपूर्ण भाषण के अनुसार, 1967 और 1983 के बीच 2,700 दल-बदल हुए और 212 दल-बदलू मंत्री बने तथा 15 मुख्यमंत्री। सुबह से ही हम 'आया राम और गया राम' वाक्यांश सुन रहे हैं। अब यह वाक्यांश पुराना हो गया है। अब यह आया लाल तथा गया लाल बन गया है। सौभाग्य से देश के एक अग्रणी न्यायविद् श्री अशोक सेन हमारे विधि मंत्री हैं। मैं जानना चाहूंगा कि क्या खंड 6 संसद की विधायी शक्ति के क्षेत्राधिकार में है? यदि आप खंड 6 पढ़ें, तो उसमें सुझाई गई प्रक्रिया संक्षिप्त है। यह लगभग निवारक नजरबंदी अधिनियम जैसी है। यदि आप खंड 6 (2) को लें, तो अध्यक्ष के निर्णय को सभा की कार्यवाही माना जाएगा। मैं खंड 7 के अंतर्गत न्यायालयों के क्षेत्राधिकार को निकालने का स्वागत करता हूं और जब खंड 7 इसमें है, तो मैं जानना चाहूंगा कि क्या खंड 6 (2) भी अपेक्षित है? मेरे विचार से खंड 6(2) से संविधान के उस मूल सिद्धांत का उल्लंघन होगा, जिसे उच्चतम न्यायालय द्वारा केशवानंद भारती तथा मिनर्वा मिल्ज, दोनों मामलों में प्रतिपादित तथा प्रतिज्ञापित किया गया है।

...मुझे इस बात की खुशी है कि इसमें दल विभाजन के बारे में उपबंध किया गया है। लेकिन दल से अलग हुए सदस्यों के निजी लाभ के लिए दल विभाजन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। बहुत से सदस्यों ने वाई बी चव्हाण समिति की सिफारिशों का उल्लेख किया है। उस समिति ने एक सिफारिश की थी कि अपने मूल दल को छोड़ने वाले सदस्य को कम से कम एक वर्ष तक मंत्री पद ग्रहण करने की अनुमति न दी जाए। जम्मू और कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस का विभाजन हुआ। उसका क्या परिणाम निकला? सभी 14 सदस्यों को, जिन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस छोड़ी, उन्हें मंत्री बना दिया गया है।

दल विभाजन के बारे में मैं एक बात और कहना चाहूंगा। तर्क की दृष्टि से विचारधारा के आधार पर हुआ विभाजन एक ही सदन तक सीमित नहीं रह सकता। ऐसा विभाजन क्षैतिज विभाजन नहीं हो सकता है; यह उदग्र विभाजन भी है। इसमें संसद के दोनों सदन तथा कई विधानमंडल आ जाते हैं। मैं कम्युनिस्ट पार्टी के दल विभाजन का जिक्र कर रहा हूं, जो विचारधारा के आधार पर हुआ। उन विभाजनों में विधानमंडल में अलग हुए समूह में सदस्यों की संख्या एक तिहाई नहीं थी। संसद को ही ले लें। लोकसभा में अलग हुए समूह के सदस्यों की संख्या एक तिहाई हो सकती है, किंतु हो सकता है कि राज्यसभा में यह संख्या एक तिहाई न हो। ऐसे में क्या वे अपनी सदस्यता खो देंगे? अतः दल-विभाजन की धारणा को ऐसे परिभाषित किया जाए, ताकि सभी विधानमंडल उसमें आ जाएं।

प्राधिकार विषय में मेरा यह सुविचारित मत है कि अनुच्छेद 103 में निर्धारित प्रक्रिया ही पर्याप्त होगी। मैं नहीं चाहता कि इस विधेयक में अध्यक्ष के पद को भी शामिल किया जाए। महोदय, मैं आपका बहुत सम्मान करता हूं। मुझे विश्वास है कि आप इतनी बड़ी जिम्मेदारी नहीं लेना चाहेंगे।... हमारे देश में बहुत से अध्यक्ष हैं। आंध्र प्रदेश में भी ऐसे अध्यक्ष थे, जिन्होंने स्वयं ही पार्टी बदल ली। उन्होंने नियम बनाया कि उनके द्वारा जारी पहचानपत्र ही वैध होंगे।... ऐसे मामले को अध्यक्ष के स्वविवेक पर छोड़ना खतरनाक होगा।...मैं अपनी बात स्पष्ट करूंगा। मेरा आशय कोई आक्षेप लगाने का नहीं है। ...अंततः अध्यक्ष को सत्तारूढ़ दल के इशारे पर चलना पड़ता है।... हमें विधान बनाते समय ऐसे अध्यक्षों को ध्यान में रखना चाहिए। ...मेरा विचार है कि जब प्रक्रिया में इस बात की व्यवस्था है, तो विधि मंत्री को अर्हताओं के संबंध में न्यायिक समिति के गठन संबंधी हमारे प्रस्ताव को स्वीकार कर लेना चाहिए, जिससे अध्यक्ष को इस मामले में सहायता प्राप्त हो सके।

(लोकसभा में दिए गए उद्बोधन से)

# साफ-सुथरी राजनीति की ओर पहला कदम



यहां स्कैन करें

राजीव गांधी | तत्कालीन प्रधानमंत्री

अध्यक्ष महोदय, यह दल-बदल विरोधी विधेयक काफी अरसे से लंबित पड़ा है। मैं समझता हूं, इसका जिक्र करीब सात वर्ष पूर्व किया गया था। हमने इसे प्रथम मुख्य कार्य के रूप में लिया है, क्योंकि हमने महसूस किया कि इस क्षेत्र में सार्वजनिक जीवन स्वच्छ बनाने की आवश्यकता है। जैसा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुए वाद-विवाद के दौरान वायदा किया गया कि हमारी सरकार जो वायदा करती है, उसे पूरा करने की राजनीतिक इच्छा भी रखती है। हमने यह वायदा भी किया है कि हम विपक्ष को सदा साथ रखेंगे। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हमने करीब-करीब समूचे विपक्ष को अपने साथ रखा, केवल एक-दो अपवाद हैं।

महोदय, हम खंड 2(1)(ग) को समाप्त करने के लिए एक संशोधन प्रस्तुत कर रहे हैं। खंड 2(1)(ग) के अंतर्गत यह व्यवस्था है कि यदि किसी सदस्य को पार्टी से निकाल दिया जाता है, तो उसे सदन की सदस्यता त्यागनी होगी। यह तर्कसंगत है कि यह खंड होना चाहिए था, क्योंकि विपक्ष के एक सदस्य ने अभी कहा है कि यदि हम नैतिकता पर ध्यान दें और यह निर्णय करें कि दल एक मूलभूत यूनिट है, जो किसी को निर्वाचित करता है और यदि वह सदस्य उस दल का सदस्य नहीं रहता, तो वह उस चुनाव का अधिकार खो देगा। एक अन्य सदस्य ने कहा कि दल-बदल में एक तिहाई सदस्यों के विभाजन जैसी कोई बात नहीं होनी चाहिए, यह बहुत कम है और इस विधेयक में ऐसी कई बातें हैं, जो निराशाजनक हैं। हम एक ऐसा काम कर रहे हैं, जो विश्व में अन्यत्र कहीं नहीं किया गया है। और हमें देखना यह है कि हम यह रास्ता कितनी अच्छी तरह तय कर सकते हैं। अच्छा होगा, यदि हम गंभीर त्रुटियां करने और बाद में उन पर पछतावा करने के बजाय उस रास्ते पर सावधानीपूर्वक चलें। अतः इस विधेयक में कई त्रुटियां हो सकती हैं। लेकिन जैसे ही हमें उन त्रुटियों का पता चलेगा, हम उन्हें दूर करने का प्रयत्न करेंगे।

खंड 2(1)(ग) को समाप्त करने पर एक कमी सामने आती है और वह यह कि यदि संसद अथवा विधानसभा का सत्र नहीं चल रहा और दल-बदल अथवा विभाजन होता है...सरकार का बहुमत समाप्त हो जाता है, तो अगला सत्र बुलाने से पहले काफी समय मिल जाता है और इसमें पर्याप्त दल-बदल हो सकता है। इसलिए खंड 2(1)(ग) को रखा गया था। मुझे विश्वास है कि यही कारण था कि... एक से अधिक दल अत्यंत उत्सुक थे कि इस खंड को बने रहने दिया जाए। हम इस बात पर ध्यान दे रहे हैं कि यह कमी किस तरह से समाप्त हो... विपक्ष के साथ मेरी जो चर्चा हुई है, उनमें हमने एक तरीका निकाला है, जिस पर हम विचार कर रहे हैं और आशा है कि हम सरकार का बहुमत समाप्त होने के बाद उसके हटने और सदन में बहुमत सिद्ध करने के बीच न्यूनतम समय-सीमा निश्चित कर पाएंगे।


...एक मुद्दा यह उठाया गया कि इस विधेयक को लाने की इतनी जल्दी क्या है? हम यह विधेयक लाने के लिए सात साल से इंतजार कर रहे हैं और काफी नुकसान हो चुका है।... यह विधेयक पिछले वर्ष, बल्कि सात वर्ष पूर्व ही लाया जाना चाहिए था। हम जितनी जल्दी ऐसा कर सकते हैं, कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि जो व्यक्ति यह विधेयक नहीं आने देना चाहते, उन्हें अपनी निष्ठा की स्वयं परख करनी चाहिए।

महोदय, यह कहा गया है कि यह विधेयक कांग्रेस दल को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए, उसे सुदृढ़ बनाने के लिए लाया जा रहा है। मैं यह बताना चाहता हूं कि दल-बदल प्रायः कांग्रेस पार्टी में आने के लिए होते हैं। उससे जाने के लिए नहीं। हमारी पार्टी के लोगों द्वारा पार्टी छोड़ने की समस्या नहीं है, अपितु समस्या यह है कि लोग हमारे दल में आना चाहते हैं। हम पार्टी को सुदृढ़ बनाने के लिए यह विधेयक नहीं लाना चाहते। आप हमारी पार्टी की ताकत स्वयं देख सकते हैं।

...यह विधेयक हमारे सार्वजनिक जीवन को स्वच्छ बनाने की ओर हमारा पहला कदम है। हम चुनाव सुधार और अन्य प्रकार के सुधार करने के बारे में भी कदम उठाएंगे और महोदय, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हमें जो निर्णय आगे लेने होंगे, उनमें समूचे विपक्ष को अपने साथ रखेंगे। मैं इस विधेयक को स्वीकार करने का अनुरोध करता हूं। मैं विपक्ष को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने यह विधेयक प्रस्तुत करने में हमें सहयोग दिया तथा इसका समर्थन किया।

(लोकसभा में दिए गए उद्बोधन से)

# रूढ़ियों को तोड़कर इतिहास गढ़ रहीं महिला खिलाड़ी



यहां स्कैन करें

श्रेणिक अवलानी | पत्रकार

अपने देश में महिला प्रीमियर लीग, यानी डब्ल्यूपीएल का आगाज हो चुका है। दुनिया भर में महिला खेलों का विकास बदस्तूर जारी है। इसे पिछले साल एक नई ऊर्जा मिली थी। दरअसल, साल 2023 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने लंबे अंतराल के बाद दो टेस्ट खेले। इंग्लैंड में द हंड्रेड वीमेंस कॉम्पिटिशन (क्रिकेट प्रतियोगिता) के दूसरे संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। टूर डी फ्रांस फेमिनिन (साइकिल प्रतियोगिता) एक रोमांचक श्रृंखला साबित हुई। फॉर्मूला वन ने महिला ड्राइवरों के लिए फीडर प्रोग्राम की घोषणा की। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने संयुक्त रूप से फीफा महिला विश्व कप का आयोजन किया। इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने क्रिकेटर स्टुअर्ट ब्रॉड और गोल्फर रोरी मैक्लरॉय जैसे खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए *बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर* का खिताब जीता, वहीं *द गार्जियन* के *फुटबॉलर ऑफ द ईयर* के लिए स्पेनिश खिलाड़ी जेनी हर्मोसो को नामित किया गया।

जाहिर है, खेलों में महिलाओं की दुनिया लगातार निखर रही है, पर सुधार की गति उम्मीद से धीमी है। अब डब्ल्यूपीएल में ही 10 टीमें हैं, पर पांच टीमों के साथ इसे शुरू किया गया। बेशक, बीसीसीआई ने फिल्मी सितारों के प्रदर्शन से इसके उद्घाटन समारोह को आकर्षक बना दिया, पर कोलकाता नाइट राइडर्स (जिसके मालिक शाहरुख खान हैं) जैसी बड़ी आईपीएल फ्रेंचाइजी के पास अब भी डब्ल्यूपीएल टीम नहीं है। इसी तरह, महिला और पुरुष, दोनों क्रिकेट खिलाड़ियों को समान वेतन जरूर मिलता है, लेकिन महिलाएं शायद ही टेस्ट क्रिकेट खेलती हैं। *फ्री हिट : द स्टोरी ऑफ वीमेंस क्रिकेट इन इंडिया* की लेखिका सुप्रिता दास कहती हैं, इन सबके अलावा परदे के पीछे कई अन्य मसले भी हैं और टीम व बैकरूम स्टाफ के चयन-प्रक्रिया भी उलझी हुई है।

आईपीएल और आईएसएल के साथ काम करने वाले मार्केटिंग प्रोफेशनल मानते हैं कि प्रायोजकों को महिलाओं के खेल में निवेश करने के लिए मनाना आज भी काफी मुश्किल होता है। उनमें यह पूर्वाग्रह भी है कि महिलाओं के खेल की गुणवत्ता कमजोर होती है, जो सच नहीं है। हालांकि, सवाल सिर्फ प्रायोजकों का नहीं है, पेशेवर रूप से खेलने में सक्षम बनने के लिए महिला खिलाड़ियों को खुद कई चुनौतियों से टकराना पड़ता है। विकसित देशों से लेकर विकासशील दुनिया तक, जिम्नास्टिक से लेकर कुश्ती तक, बीच वॉलीबॉल से लेकर फुटबॉल तक, तमाम जगहों पर महिला खिलाड़ियों को जूझना पड़ता है। सरकारी निकायों व खेल संस्थाओं द्वारा उन्हें हतोत्साहित किया जाता है। और, यह सब तब हो रहा है, जब महिलाओं के खेल अविश्वसनीय रूप से मुख्यधारा में आने लगे हैं।

**हम ऐसी महिलाओं को आगे लाने में सफल हो रहे हैं, जो कठिनाइयों से जूझते हुए खेल रही हैं। बदलाव की यह बयार जारी रहनी चाहिए, क्योंकि ये लड़कियां कहीं बेहतर की हकदार हैं।**

भारत की सात ओलंपिक पदक विजेता महिलाओं में एक साक्षी मलिक ने अपने व अन्य पहलवानों के साथ भारतीय कुश्ती महासंघ के मुखिया बृजभूषण शरण सिंह द्वारा किए गए कथित दुर्व्यवहार की ओर सबका ध्यान खींचने के लिए कई दिनों तक विरोध-प्रदर्शन किया। उधर, अमेरिका में लगातार कई ओलंपिक पदक जीतने वाली सिमोन बाइल्स सहित कई युवा जिमनास्टों के साथ टीम के डॉक्टर ने वर्षों तक दुर्व्यवहार किया। जाम्बिया महिला फुटबॉल टीम के कोच पर तो यौन-उत्पीड़न का आरोप था, फिर भी उनको विश्व कप टीम का हिस्सा बनाया गया। नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा, ब्रिटेन और कोलंबिया की फुटबॉल टीमों मे वेतन-बोनस न मिलने के खिलाफ आवाज बुलंद होती रही। स्पेन का यौन उत्पीड़न कांड तो लोगों के जेहन मे अब भी ताजा होगा।

साफ है, भारत ही नहीं, कई अन्य देशों में भी महिलाओ के लिए खेल को एक पेशे के रूप में अपनाना अब भी बड़ी चुनौती है। उन्हें शादी के दबाव, परंपरा तोड़कर खेलने, परिवार से दूर रहने जैसी मुश्किलों से भी लड़ना पड़ता है। हालांकि, महिला अधिकारों, भेदभाव, लैंगिक समानता जैसे मानकों पर भारत का रिकॉर्ड भले कमजोर हो, पर हम ऐसी महिलाओं को आगे लाने में सफल हो रहे हैं, जो कठिनाइयों से जूझकर, रूढ़ियों को तोड़ते हुए खेल रही हैं। बदलाव की यह बयार जारी रहनी चाहिए, क्योंकि ये लड़कियां कहीं बेहतर की हकदार हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

हिन्दुस्तान Hindustan | **75 साल पहले** 2 मार्च, 1949

## बचत का बजट

भारत के अर्थमंत्री डॉ जान मथाई ने सन् १९४९-५० के लिए बचत का बजट पेश किया है। बचत ४५ लाख रुपये की अनुमान की गई है। इसे नाममात्र की ही बचत कहा जा सकता है। यों देखा जाये तो करों में जो घटा-बढ़ी की गई है, यदि वह न की जाती, तो यह घाटे का ही बजट होता। उस दशा में घाटा १४ करोड़ ७९ लाख होता। किन्तु अर्थमंत्री ने करीब ६ करोड़ के कर घटाये हैं और २० करोड़ के नये कर लगाये हैं और इस तरह होने वाले घाटे को पूरा किया है। सन् १९४९-५० के लिए कुल आय ३२२ करोड़, ९८ लाख और खर्च ३२२ करोड़, ५३ लाख कूंता गया है। चालू वर्ष में सरकार की आमदनी में बजट के अनुमान की तुलना में असाधारण वृद्धि हुई। उसे ८३ करोड़ रुपया अधिक प्राप्त हुआ। इस आय-वृद्धि के बाद अगले वर्ष के लिए टैक्स लगाये बिना भी बजट को संतुलित किया जा सकता था। किन्तु जहां आय में वृद्धि हुई, वहां चालू वर्ष में खर्च भी उतना ही बढ़ गया। चालू वर्ष में यह वृद्धि कुछ तो सैनिक व्यय में हुई है। काश्मीर की लड़ाई के कारण यह स्वाभाविक माना जा सकता है। किन्तु सरकार के असैनिक व्यय में भी ४८ करोड़ की वृद्धि हुई है। जो हो, अतिरिक्त आय को अतिरिक्त व्यय ने बराबर कर दिया और अगले वर्ष के लिए उसका कोई लाभ नहीं उठाया जा सकता। इसके विपरीत १ करोड़ ५५ लाख घाटा रहेगा। फिर भी अगले वर्ष के लिए अर्थमंत्री ने बचत का बजट पेश कर अनुकूल मनोवैज्ञानिक असर पैदा करने का प्रयास किया है।

चालू वर्ष में सेना पर व्यय १५५ करोड़ ४३ लाख होने का अनुमान लगाया गया है। अगले वर्ष का सैनिक व्यय और बढ़ जायेगा। अनुमान लगाया गया है कि वह १५७ करोड़ ३७ लाख होगा। चालू वर्ष में काश्मीर की लड़ाई जारी थी, किन्तु अब वह बन्द हो चुकी है। तब समझ में नहीं आता कि सैनिक व्यय पहले से अधिक होने का अनुमान क्यों किया गया है?... देश की रक्षा प्रथम आवश्यकता है और उसके नाम पर चाहे इस भारी सैनिक व्यय की आलोचना न की जाये, किन्तु यह अनुभव हुए बिना नहीं रह सकता कि यह कमर तोड़ देने वाला बोझा है और ऐसे हालात पैदा किये जाने चाहिए कि इस व्यय में कमी की जा सके।

मनसा वाचा कर्मणा

## कृतज्ञता का अर्थ

धन्यवाद करना अलगाव के भाव को इंगित करता है। धन्यवाद देने का अर्थ है कि सामने वाला व्यक्ति हमसे अलग है। यदि तुम गहराई से धन्यवाद देते हो, इसका अर्थ है कि तुम अलगाव को अधिक गहराई से महसूस करते हो। अंतःकरण में धन्यवाद की कोई आवश्यकता ही नहीं, क्योंकि वहां एकता है।

जब तुम धन्यवाद देते हो, तुम कुछ समाप्त कर रहे हो- कोई आदान-प्रदान, कोई संबंध, किसी क्रम को खत्म कर रहे हो। धन्यवाद अलविदा के समान है। ऊपरी स्तर पर तुम सभी लेन-देन को खत्म कर सकते हो, पर गहराई में तो सब एक ही है। गहराई में जाओ, तो धन्यवाद का कोई अर्थ नहीं।

क्या तुम कृतज्ञ हो? अगर तुम कृतज्ञ हो, तो मेरे नहीं हो! जब कोई तुम्हें कुछ देता है और तुम कृतज्ञता महसूस करते हो, तो इसका मतलब है कि तुम स्वयं को उससे अलग समझते हो। तुम अपने प्रति तो कभी आभार नहीं प्रकट करते? कृतज्ञता स्वाभाविक है, पर जब तुम कृतज्ञता से ऊपर उठते हो, तब समन्वय होता है। तब न 'मैं' रहता है, न 'तुम'। तुम्हें कृतज्ञता से भी आगे बढ़ना है। बच्चे जब तक एकता महसूस करते हैं, कृतज्ञता नहीं महसूस करते हैं। वे सब कुछ अपना ही मानते हैं। तुम्हारे अपने हाथ, जो तुम्हें भोजन कराते हैं, उनके प्रति तुम कृतज्ञता नहीं महसूस करते।

जब तुम कृतज्ञ होते हो, तब मुख्य बन जाते हो, अधिक महत्वपूर्ण हो जाते हो। जब तुम किसी खूबसूरत वस्तु को पाकर ईश्वर के प्रति कृतज्ञ होते हो, जैसे तुम्हारी आंखों की दृष्टि, तब कौन अधिक महत्वपूर्ण होता है? तुम या ईश्वर? तुम! तो तुम्हारी कृतज्ञता अहंकार दर्शाती है।

श्री श्री रविशंकर

**योगी आदित्यनाथ** | मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



**हमारा 'जीरो टॉलरेंस' समाज विरोधी, राष्ट्र विरोधी तत्वों, पेशेवर माफिया और अपराधियों के लिए होना चाहिए... आम आदमी के लिए हमें उतना ही संवेदनशील बनना होगा। उन्हें त्वरित न्याय देने के लिए खुद को तैयार करना होगा।**

# सभी खिलाड़ियों के लिए एक सबक

अनुशासन के बिना सरल और सुगम जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। अगर आप अनुशासन नहीं मानते, तो आपकी जिंदगी भी अराजक होगी और आपकी कार्यशैली भी। खेल को इससे अलग नहीं रख सकते। अगर यहां भी कोई अनुशासन भंग करता है, तो वह एक सफल खिलाड़ी नहीं बन सकता। श्रेयस अय्यर और ईशान किशन का मामला ऐसा ही है। इन दोनों ने खुद को कोच और बीसीसीआई से ऊपर समझा। इसका नतीजा यह निकला कि वे दोनों अब बीसीसीआई के अनुबंध से बाहर कर दिए गए हैं। क्रिकेट बोर्ड ने तो यहां तक कहा कि उनके नाम पर विचार भी नहीं हुआ।


यह सही है कि किसी के साथ कोई जबर्दस्ती नहीं की जा सकती, लेकिन घरेलू क्रिकेट की अहमियत कम नहीं है। घरेलू क्रिकेट एक अच्छा खिलाड़ी बनने का आधार है और हर खिलाड़ी को इसे महत्व देना चाहिए। जब आप छोटी-छोटी चीजों पर गौर नहीं करेंगे, तो भला अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए खुद को कैसे तैयार कर सकेंगे? घरेलू क्रिकेट इन्हीं छोटी-छोटी बातों को या यूं कहें कि अपनी कमियों को समझने और उनसे निपटने का मंच है। इसीलिए, श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को जब घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए कहा गया, तो उन्हें खेलना चाहिए था। कुछ दिनों पहले बीसीसीआई सचिव ने भी कहा था कि टीम इंडिया में खेलने की इच्छा रखने वाले खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए और ऐसा न करने पर अंजाम बुरा हो सकता है। मगर उनकी चेतावनी के बावजूद इन दोनों खिलाड़ियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। उन्हें शायद यह भ्रम था कि प्रतिभाशाली खिलाड़ी होने के कारण बोर्ड उनके प्रति नरम रवैया अपनाएगा, जबकि वे भूल गए थे कि भारत में गली-गली में क्रिकेट का खेल खेला जाता है और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की अब कोई कमी नहीं। खासकर आईपीएल ने टीम इंडिया के लिए कई नए खिलाड़ी तैयार किए हैं।

स्पष्ट है, जिस तरह से ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को सालाना अनुबंध से बाहर किया गया है, वह चौंकाता नहीं है। इसका अंदेशा पहले से था। ऐसा करके भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक तरह से उन सभी खिलाड़ियों को आगाह कर दिया है, जो यह सोचकर अनुशासन तोड़ते रहते हैं कि उनका कोई बाल-बांका नहीं कर सकता। बीसीसीआई का यह सख्त फैसला न सिर्फ मौजूदा खिलाड़ी, बल्कि भविष्य के खिलाड़ियों के लिए भी सबक है कि वे अनुशासन का हमेशा पालन करें, अन्यथा देश में प्रतिभाओं की बहुतायत उनकी राह मुश्किल बना सकती है।

दीपक, टिप्पणीकार

**अनुलोम-विलोम**

**बीसीसीआई अनुबंध**



# ईशान-अय्यर के साथ बर्ताव सही नहीं

श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के साथ जो हुआ है, वह भले ही प्रथम दृष्टया सही लग रहा हो, लेकिन ध्यान देने वाली बात यह भी है कि क्या इन दोनों खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी है? क्या राहुल द्रविड़ के कोच बनने से पहले भी ईशान और अय्यर इस तरह का बर्ताव करते थे या उनके व्यवहार में बदलाव द्रविड़ की नियुक्ति के बाद आया है? सोचिए, क्या जो नियम बीसीसीआई ने बनाया है, वह राहुल द्रविड़ के कोच बनने से पहले और ईशान किशन के रणजी मैच खेलने से इनकार से पहले बनाया गया था? सवाल यह भी है कि जब नियम बाद में बनाया गया, तो ईशान और अय्यर पहले ही उसका उल्लंघन कैसे कर चुके थे कि उनको अनुबंध से ही बाहर कर दिया गया? सवाल यह भी है कि जो श्रेयस अय्यर अभी तक टीम प्रबंधन के चहेते हुआ करते थे, आखिर अचानक वह इतने बुरे कैसे बन गए, जबकि दोनों खिलाड़ियों को चेतावनी देकर भी अनुबंध से जोड़ा जा सकता था?

इन सबसे तो यही प्रतीत होता है कि श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के साथ नाइंसाफी हुई है। इन दोनों ने इतना बड़ा अपराध नहीं किया था कि इनको अनुबंध के लायक ही न समझा जाए, लेकिन यहां एक बात इन दोनों खिलाड़ियों को भी समझनी होगी कि इनके भविष्य के दरवाजे फिलहाल बंद करने की कोशिश जरूर की गई है, लेकिन वे अपने अच्छे प्रदर्शन से इस दरवाजे को फिर से खोल सकते हैं। बस, इसके लिए उन्हें आईपीएल में माद्दा दिखाना होगा।

श्रेयस अय्यर और ईशान किशन जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की टीम इंडिया को सख्त आवश्यकता है, इसलिए बीसीसीआई और कोच राहुल द्रविड़ का अड़ियल रवैया इनकी प्रतिभा को कुंद कर सकता है। एक अभिभावक (राहुल द्रविड़) गलत रास्ते पर जा रहे अपने बच्चे को समझाकर सही मार्ग पर लाने का प्रयास करता है, वह परिवार (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) अच्छा हो बुरा, अपने लोगों का साथ कभी नहीं छोड़ता। बीसीसीआई अपने इन दोनों होनहार खिलाड़ियों को समझा सकता था और सही रास्ते पर लाने का प्रयास कर सकता था। इससे उसका कद और ऊंचा होता। मगर बोर्ड इसमें चूक गया। अलबत्ता, उसने कुछ ज्यादा सख्ती दिखाते हुए इन दोनों को जिस तरह से अनुबंध से बाहर किया है, उससे हर क्रिकेटप्रेमी के सामने यही सवाल है कि ईशान किशन और श्रेयस अय्यर के साथ क्रिकेट बोर्ड और कोच राहुल द्रविड़ ने ऐसा बर्ताव क्यों किया? इसका जवाब एक न एक दिन जरूर सामने आ जाएगा।

अनिल कुमार यादव, टिप्पणीकार

# नई कार को हैकिंग से बचाना भी है जरूरी

जैसे-जैसे डिजिटल फीचर्स से भरपूर कारें कंपनियां पेश कर रही हैं, वैसे-वैसे इन हाईटेक कारों की हैकिंग की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। अब कार में दिए जा रहे विभिन्न कंप्यूटर सिस्टम हैकर्स के लिए रास्ता बना रहे हैं। ऑटोमोटिव हैकिंग के कितने तरीके हो सकते हैं और इससे कैसे बचें, बता रही हैं ज्योति कुमारी



आजकल, कारों में डिजिटल तकनीक का जमकर उपयोग हो रहा है। वहीं उच्च स्तर की कनेक्टेड कारें भी हैं। ऐसे में उनकी हैकिंग का खतरा भी बढ़ा है। बीते साल साइबर सिक्योरिटी कंसल्टेंसी फर्म हैकर्स एरा ने वाहनों के हैकिंग होने के खतरे की ओर ध्यान भी दिलाया था। जिस तरह डिजिटल दुनिया में कुछ भी और सब कुछ हैक किया जा सकता है, उसी तरह आपकी कार भी हैक हो सकती है। यानी कार को ताला तोड़ कर चुराने की जरूरत नहीं, उनमें उपयोग हो रहे कंप्यूटर प्रणालियों और इंटरनेट के माध्यम से उसे दूर से ही हैक करके उस पर नियंत्रण कर लेना अब आसान हो गया है। सिर्फ प्रीमियम कारें ही नहीं, कार फैक्ट्री से बाहर आने वाले किसी भी डिजिटल तकनीक से लैस वाहन के हैक होने का खतरा अब रहता है। बीते साल ही दिल्ली-एनसीआर में कार हैकर्स के ऐसे गिरोह का पर्दाफाश भी हुआ, जो हैकिंग के माध्यम से लगभग 500 कारें चोरी कर चुका था। इसलिए आज के दौर की कारों के संदर्भ में कार हैकिंग को समझना और सावधान रहना बेहद जरूरी हो चुका है।



### क्या है कार हैकिंग

कार हैकिंग, कार के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम में पहुंच कर कार को नियंत्रित करने, डेटा चोरी करने या अन्य नुकसान पहुंचाने का प्रयास है। समस्या यह है कि जहां एक सामान्य कंप्यूटर नेटवर्क की अपनी सुरक्षा प्रणाली होती है और नेटवर्क में किसी भी तरह की साझेदारी में एक खास सुरक्षा प्रक्रिया दोहराई जाती है, आमतौर पर कार के नेटवर्क में ऐसा नहीं होता। इसलिए आपकी कार के सिस्टम में सेंध लगाना हैकर्स के लिए आसान बन जाता है।

### कार में कहां-कहां कंप्यूटर

आपकी कार में कंप्यूटर कई तरह से मौजूद होता है। जैसे ईंधन, बैट्री और ड्राइवट्रेन को नियंत्रित करने वाला सिस्टम। वहीं कनेक्टेड कारों में सुरक्षा के लिए उपयोग होने वाला लेन करेक्शन सिस्टम, ऑटोमेटिक ब्रेकिंग या बैकअप मॉनिटरिंग सिस्टम में भी कंप्यूटर मौजूद होता है। ये सिस्टम आसपास से डेटा लेकर फिर संचालन के बेहतर निर्देश देते हैं। आपकी कार का इंफोटेनमेंट सिस्टम भी कंप्यूटर प्रणाली का हिस्सा है, जहां यह ब्लूटूथ के माध्यम से आपकी निजी डिवाइसेज से जुड़ता है। बहुत सी कारों में सेलुलर नेटवर्क से जुड़ने की सुविधा भी दी जा रही है, वहीं नेविगेशन सिस्टम यानी कार के जीपीएस सिस्टम में भी इसका उपयोग होता है।

### कीलेस एंट्री से भी खतरा

हाईटेक कार का सबसे आम उदाहरण है, कीलेस एंट्री। इसमें की (चाभी) एक रेडियो सिग्नल देती है, जो खास आपकी कार के दरवाजे के लॉक से तालमेल में होता है। इस तरह सिर्फ आपकी कार का दरवाजा खुलता है। ऐसे में इस रेडियो सिग्नल को दूर बैठकर रिकॉर्ड करना और फिर उसे रिप्ले करना भर है। आपकी कार खुल जाएगी। वहीं एक अन्य तरीके में फॉब यानी सिग्नल बनाने वाली डिवाइस की पहचान करके उसकी कॉपी की जाती है और फिर कार खोल ली जाती है। बता दें कि इस तरह की डिवाइस कारों की वर्कशॉप में उपयोग की जाती रही हैं, ताकि अगर किसी की कार 'की' खो जाए, तो अचानक आई इस जरूरत में कार को खोलने में इसका उपयोग किया जा सके। वहीं कार में सभी कंप्यूटर्स कंट्रोलर एरिया नेटवर्क बस 'कैन' के माध्यम से संवाद करते हैं। संवाद के दौरान एक से दूसरे कंप्यूटर के बीच कोई सुरक्षा वॉल नहीं रखी जाती। हैकर्स इसे हैक करके कार के इंजन को नियंत्रित करने वाले कंप्यूटरीकृत सिस्टम को हैक कर सकते हैं और वहां से आपकी कार की चाबी के फॉब को। वहीं कुछ मामलों में देखा गया है कि हेडलाइट को तोड़कर भी 'कैन' की वायरिंग तक पहुंचा गया और वहां से हैकिंग हुई। यही नहीं, कारों की स्मार्ट मोबिलिटी, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और यहां तक कि बैटरी स्वैपिंग सिस्टम से भी ये खतरा होता है।

### और क्या आजमाते हैं तरकीबें

■ **रिमोट हैकिंग:** हैकर्स इंटरनेट कनेक्शन, जैसे कि ब्लूटूथ, वाई-फाई या सेलुलर नेटवर्क का उपयोग करके कारों को दूर से हैक कर सकते हैं। वे वायरस या ऐसा ही कोई सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करके ऐसा कर सकते हैं।

■ **सोशल इंजीनियरिंग:** हैकर्स फोन कॉल, ईमेल, या सोशल मीडिया संदेशों का उपयोग करके ऐसा कर सकते हैं। सोशल इंजीनियरिंग हमलों से बचने के लिए आपको सावधान रहना चाहिए और किसी भी अनजान व्यक्ति से प्राप्त जानकारी या लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए।

■ **फिजिकल हैकिंग:** हैकर्स कार के अंदर पहुंचता है, फिर उसमें मालवेयर या रिमोट कंट्रोल करने वाले सॉफ्टवेयर इंस्टाल कर सकता है।

### क्या होगा नुकसान

कार को चोरी करना तो हैकिंग से आसान बनता ही है। विभिन्न प्रकार के योजनाबद्ध अपराधों की भी आशंका बढ़ती है। कार किसी और के नियंत्रण में जाने का अर्थ यह हुआ कि आपको गलत रास्ते पर ले जाया जा सकता है, ड्राइविंग में गंभीर गलतियां करवाई जा सकती हैं या दुर्घटना हो सकती है। ब्रेक, स्टीयरिंग या इंजन का नियंत्रण आपके पास नहीं रह जाते। हैकर्स कार से आपकी व्यक्तिगत जानकारी, जैसे कि ड्राइविंग हिस्ट्री, स्थान डेटा और संपर्क जानकारी चुरा सकते हैं और इसका दुरुपयोग कर सकते हैं या फिर इसे बेच भी सकते हैं।

### बचाव के लिए ये ध्यान रखें

■ **कार के विभिन्न सॉफ्टवेयर को अपडेट रखें:** कार निर्माता नियमित रूप से सॉफ्टवेयर अपडेट जारी करते हैं, जो इसकी सुरक्षा से संबंधित कमियों को ठीक करते हैं। सुनिश्चित करें कि आपकी कार का सॉफ्टवेयर अपडेटेड रहे।

■ **जीपीएस में घर का पता ना रखें:** यह आपके लिए सुविधाजनक हो सकता है, लेकिन इसकी बदौलत हैकर्स आपके घर का पता आसानी से लगा सकते हैं। यह अन्य तरह के खतरे पैदा कर सकता है।

■ **मजबूत पासवर्ड:** अगर लॉगिन की जरूरत पड़ती है, तो मजबूत पासवर्ड बनाएं।

■ **सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग न करें:** अपनी कार को सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क से कनेक्ट करने से बचें। हैकर्स इन नेटवर्कों का उपयोग कारों को हैक करने के लिए कर सकते हैं।

■ **सिक्योरिटी टूल्स का उपयोग करें:** कार के कंप्यूटर्स में आई घुसपैठ की तुरंत सूचना देने वाले टूल्स का उपयोग करें, ताकि समय रहते ऐसी गड़बड़ियों का पता चल सके और उन्हें ठीक किया जा सके।

■ **अनजान स्रोतों से डाउनलोड ना करें:** आपकी कार का इंफोटेनमेंट सिस्टम सबसे असुरक्षित होता है। किसी अनजान स्रोत से कार के इन्फोटेनमेंट सिस्टम पर ऐप डाउनलोड करना आपकी कार को असुरक्षित बना सकता है। इसे स्मार्टफोन के माध्यम से कर सकते हैं। हाईवे या किसी भी जगह फंस जाने पर अपनी कार के कंप्यूटर सिस्टम में कोई भी नया डाउनलोड ना करें। ऐसा किसी विश्वसनीय व्यक्ति के माध्यम से ही करें।

■ **अनुपयोगी फीचर्स को डिसेबल कर दें:** एक कार में कई फीचर्स होते हैं, लेकिन जरूरी नहीं है कि आप सबका उपयोग कर रहे हों। इसलिए जिनका उपयोग नहीं होता है, उन्हें ऑफलाइन ही रखें। जितने फीचर उपयोग कर रहे हों, उन्हें ही ऑन रखें। इससे कार की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी।

■ **फायरवॉल का विकल्प लें:** कार पर साइबर अटैक के पहले चरण में गलत कोड और डेटा पैक्स से लगातार वार किया जाता है। ऐसे में कार के इंटरनल नेटवर्क को बचाने में कार में बिल्टइन फायरवॉल का उपयोग किया जा रहा है। यह फीचर प्रीमियम कारों में होता है।

■ **सुरक्षा के पुराने तरीके आजमाएं:** कार सुरक्षा के पुराने तौर-तरीके भी हैं, उन्हें आजमाएं। स्टीयरिंग व्हील लॉक हमेशा लगाकर रखें।

■ **अपनी कार को सुरक्षित स्थान पर पार्क करें:** अपनी कार को अच्छी तरह से रोशनी वाले और सुरक्षित स्थान पर पार्क करें।

---

**गैजेट्स**

## टैब का काम देंगे ये लैपटॉप

अगर आप एक अच्छे लैपटॉप की तलाश में हैं, तो यहां दिए गए कुछ विकल्प आजमा सकते हैं। ये लैपटॉप टैब की तरह भी इस्तेमाल हो सकते हैं और इनकी कीमत भी ज्यादा नहीं

नए लैपटॉप पर बड़ी रकम खर्च करने जा रहे हैं, तो बेहतर होगा टू-इन-वन मॉडल खरीदें। टू-इन-वन लैपटॉप नया ट्रेंड इसलिए बन गए हैं, क्योंकि यूजर्स इन्हें जब चाहें टैबलेट की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं और इनमें टच-स्क्रीन डिस्प्ले मिलता है। पावरफुल परफॉर्मेंस वाले ब्रांडेड टू-इन-वन लैपटॉप आप 30 हजार रुपये से भी कम कीमत पर खरीद सकते हैं। हमारी सूची में एचपी से लेकर लेनोवो जैसे ब्रांड तक के कन्वर्टेबल लैपटॉप मॉडल्स शामिल हैं:

### एचपी क्रोमबुक एक्स360 एन4120

दमदार परफॉर्मेंस के लिए इसमें इंटेल सेलेरॉन एन4120 प्रोसेसर दिया गया है। लैपटॉप का डिस्प्ले भी काफी बड़ा (14 इंच) का है। एचपी का टचस्क्रीन वाला कॉम्पैक्ट क्रोमबुक मॉडल अमेजन पर 20 फीसदी छूट के बाद केवल 26,990 रुपये में मिल रहा है। इस पर पुराने डिवाइस के बदले करीब 12 हजार रुपये तक का एक्सचेंज डिस्काउंट मिल सकता है।





### लेनोवो आइडियापैड-1 इंटेल सेलेरॉन लैपटॉप

इसमें इंटेल सेलेरॉन प्रोसेसर के अलावा 10.1 इंच का टच-स्क्रीन डिस्प्ले दिया गया है। यह लैपटॉप विंडोज 10 एचओएम के साथ आता है और इसमें 4 जीबी रैम के साथ 128 जीबी स्टोरेज मिलता है। लेनोवो का यह टू-इन-वन लैपटॉप फ्लिपकार्ट से 30 % से ज्यादा डिस्काउंट के बाद केवल 22,100 रुपये में खरीदा जा सकता है।

### शुवी फ्रीबुक 13.5 इंच 2इन1 लैपटॉप

टच-स्क्रीन वाले इस लैपटॉप को अमेजन और फ्लिपकार्ट दोनों से करीब 40 पर्सेंट डिस्काउंट के बाद 29,990 रुपये में खरीदा जा सकता है। इसमें 13.5 इंच का टच-स्क्रीन डिस्प्ले दिया गया है और कोरआईथ्री 3-1215यू प्रोसेसर है। इसके अलावा इसमें 12जीबी रैम और 512जीबी स्टोरेज दिया गया है। यह मजबूत बिल्ड-क्वॉलिटी और हल्के डिजाइन के साथ आता है।

फीचर डेस्क

---

**नई गाड़ी**

## होंडा का स्टाइलो 160



भारतीय बाजार के स्कूटर सेगमेंट में होंडा का दबदबा है। हर महीने होंडा एक्टिवा की एक लाख से ज्यादा यूनिट बिकी रही हैं। ऐसे में कंपनी ने इस सेगमेंट में खुद को ज्यादा मजबूत करने के लिए नया स्कूटर स्टाइलो 160 पेश किया है। ये देखने में जितना स्टाइलिश है, उतने ज्यादा फीचर्स से भी लैस है। इतना ही नहीं, ये कंपनी का सबसे पावरफुल इंजन वाला स्कूटर भी है। होंडा के 160सीसी के प्रीमियम स्कूटर लाइनअप की बात करें तो होंडा एडीवी 160, क्लिक 160 भी पेश हो चुके हैं। नया स्टाइलो160 एक नियो-रेट्रो लुक के साथ आता है। खासतौर से इसे युवाओं के लिए डिजाइन किया गया है।

**क्या हैं फीचर्स** इसमें एलईडी हेडलाइट्स, एलईडी, डीआरएल, टेल लाइट्स, बिना चाबी के स्टार्ट फीचर, कॉम्बी ब्रेकिंग सिस्टम (सीबीएस), एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम, एलॉय व्हील, रंग से मैच करता बाहर का रियर व्यू मिरर, कलर कोडेड फ्लोर बोर्ड जैसी चीजें शामिल हैं। यह ग्लैम बेज, रॉयल मैट ब्लैक, ग्लैम रेड और रॉयल ग्रीन रंग में उपलब्ध है। रॉयल कलर से टॉप-स्पेक के अधिक महंगे होने की संभावना है, क्योंकि उनमें एबीएस का विकल्प मिलता है। उन्हें भूरे रंग का फ्लोरबोर्ड और सीट कवर मिलता है।

**पावरट्रेन**

जहां तक पावरट्रेन का सवाल है होंडा स्टाइलो 160 सिंगल सिलेंडर लिक्विड कूल्ड इंजन के साथ आता है, जो लगभग 16 बीएचपी की अधिकतम पावर और 15 एनएम का पीक टॉर्क बनाता है। इसका माइलेज 45 किलोमीटर प्रति लीटर है। यह हीरो जूम 160 और यामाहा एरोक्स 155 के समान ही है।

**कंपोनेंट क्या हैं**

इसमें 12-इंच के एलॉय व्हील, चौड़े टायर, फ्रंट डिस्क ब्रेक, आरएसयू टेलीस्कोपिक फ्रंट फोर्क और बहुत कुछ है। इसमें सीट के नीचे भी बड़ा स्टोरेज मिल सकता है। केवल रॉयल वेरिएंट में सिल्वर ग्रैब रेल और सिल्वर फ्रंट फोर्क्स पेंट किए गए हैं।

नरेंद्र



### सोकुडो का ई-स्कूटर

सोकुडो इलेक्ट्रिक ने तीन नए इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च किए हैं, जो एक चार्ज में 105 किलोमीटर तक दौड़ने में सक्षम हैं। ये ईवी रोज के इस्तेमाल के लिए शानदार हैं। ये नए मॉडल हैं: सोकुडो सेलेक्ट 2.2, रैपिड 2.2 और प्लस (लिथियम)। इनमें फेम 2 मानकों का ध्यान रखा गया है। इसमें स्मार्ट फायरप्रूफ लिथियम फेरो फॉस्फेट (एलएफपी) बैटरी और चार्जिंग के लिए 15-एम्प कनवर्टर जैसे फीचर्स हैं। यह ध्यान रखें कि प्लस एक धीमी गति वाला इलेक्ट्रिक स्कूटर है, इसलिए इसे आरटीओ के साथ रजिस्टर होने की आवश्यकता नहीं है।

**कीमत :** 100 किलोमीटर तक की रेंज वाले सेलेक्ट 2.2 (आरटीओ) की कीमत 85,889 रुपये से शुरू होती है। 100 किलोमीटर तक की रेंज वाली रैपिड 2.2 ईवी 79,889 रुपये में आती है, जबकि 105 किलोमीटर तक की रेंज वाले प्लस (लिथियम) (नॉन-आरटीओ) की कीमत 59,889 रुपये है। यह सभी कीमतें एक्स-शोरूम की हैं। इलेक्ट्रिक स्कूटर एबीएस प्लास्टिक बॉडी से बनी है। इसके बैटरी पैक पर तीन साल की वारंटी और वाहन पर पांच साल की वारंटी है।

सर्वेश्वर

---

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक होगी। भवन के रख-रखाव तथा साज-सज्जा पर खर्च होंगे।

**मिथुन :** मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ में भी वृद्धि होगी।

**कर्क :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के मौके मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**सिंह :** आशा-निराशा के भाव मन में रहेंगे। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मीठे खान-पान में रुचि बढ़ेगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या :** वाणी में मधुरता रहेगी। पर, संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाई आ सकती है। मित्र के साथ यात्रा पर जाने का योग।

**तुला :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक व शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। धन प्राप्ति भी होगी।

**वृश्चिक :** मन परेशान हो सकता है। सेहत का ध्यान रखें। माता-पिता का साथ मिलेगा। कारोबार में व्यस्तता बढ़ेगी। परिश्रम भी अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**धनु :** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। नौकरी में तरक्की के योग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। विदेश यात्रा के योग हैं।

**मकर :** धैर्य में कमी रहेगी। संयत रहें। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। कारोबार में बदलाव हो सकता है। किसी पैतृक कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**कुंभ :** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन कार्यों में आय में वृद्धि हो सकती है। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मीन :** मन अशांत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संतान की सेहत का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन बाधित होगा।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

02 मार्च, शनिवार, 12 फाल्गुन (सौर) शक संवत् 1945, 19 फाल्गुन मास प्रविष्टे (पंजाब पंचांग) 2080, 20 शब्बान सन् 1445, फाल्गुन कृष्ण षष्ठी तिथि (विक्रमी संवत्) प्रातः 07.54 बजे तक पश्चात सप्तमी तिथि, विशाखा नक्षत्र दोपहर 02. 42 बजे तक, व्याघात योग सायं 06.06 बजे तक, वणिज करण, चन्द्रमा तुला राशि में प्रातः 08. 17 बजे तक उपरांत वृश्चिक राशि। सूर्य उत्तरायण। सूर्य दक्षिण गोल। वसंत ऋतु। प्रातः 9 बजे से प्रातः 10.30 बजे तक राहुकालम्। भद्रा प्रातः 07.54 बजे से रात्रि 08.20 बजे तक।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

मेरी बेटी अपना बुटीक शुरू कर रही है। कृपया बताएं कि उसे क्या वास्तु के अनुसार उपाय करने चाहिए? -मंजू, जयपुर


आप अपनी बेटी को बताइएगा कि निम्न प्रकार से अपने बुटीक की व्यवस्था करें-

■ अपनी टेबल उत्तर उत्तर पश्चिम दिशा में लगाएं तथा मुख उत्तर की ओर रखें।

■ अपने ऑफिस की उत्तर पश्चिम की दीवार पर भागते हुए सात सफेद घोड़ों का चित्र लगाएं। दक्षिण पश्चिम दिशा में कोई भारी अलमारी रखें।

■ अपने भोजन में थोड़ा खट्टा अवश्य खाएं। उत्तर दिशा में एक बड़ा शीशा लगवाएं। उत्तर दिशा में एक नीले रंग का कमल का चित्र लगाएं।

### वर्ग पहेली : 7530



**बाएं से दाएं**

1. सरस होने का गुण; मधुरता; रसिकता (4)
5. कोशिश करने वाला; प्रयास में रत; प्रयत्नशील (5)
6. झुका हुआ मस्तक; झुका हुआ माथा (5)
7. एड़ी की बाहर निकली हड्डी; पैर का गट्टा (3)
9. लिप्त; लीन; मग्न; आसक्त (2)
10. घाटी; दो पहाड़ों के बीच की जगह; दुगुना; दोहरा (2)
11. कारोबार; व्यवसाय (3)
14. ज्यादा समय लेना; विलंब करना; समय पर पूरा न करना (2,3)
15. अनादर; अपमान; मान हानि (5)
17. बनने का भाव; बनाने का भाव; रचना; रूप; आडंबर; दिखावा (4)

**ऊपर से नीचे**

1. झेलना; बर्दाश्त करना; सहना (3,3)
2. एक राय; एक मत; जिनका विचार मिलता हो (4)
3. विशेष ढंग का लटकता हुआ घोंसला बनाने वाली गौरैया के आकार की चिड़िया (2)
4. कमल; जलज; पंकज (3)
5. अभिव्यक्त कर देना; बता देना; भेद खोल देना, सबके सामने लाना (3,2,2)
8. कोरे घड़े में पानी पड़ने से उत्पन्न सन-सन की आवाज; हवा बहने का शब्द; (6)
12. सूख कर कड़ा हो जाना; ऐंठना; सख्त पड़ना; हठ करना (4)
13. तेज चलने वाला; दौड़ने वाला (3)
16. पर्वत; नगीना; मणि; रत्न; अदद (2)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 7529

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1अ | ■ | 2प | ■ | 3ए | का | द | शी | ■ |
| 4प | रि | चा | र | क | ■ | ■ | ■ | 5ना |
| ने | ■ | ना | ■ | 6मा | ल | 7वा | ह | क |
| 8त | न | ■ | ■ | त्र | ■ | द | ■ | में |
| क | ■ | 9प | स्त | ■ | 10ध्या | न | ■ | द |
| र | ■ | र | ■ | 11दा | ■ | ■ | 12दा | म |
| 13ख | ट | ख | टा | ना | ■ | 14स | ■ | क |
| ना | ■ | ■ | ■ | 15पा | ल | न | हा | र |
| ■ | 16त | ना | त | नी | ■ | द | ■ | ना |

### सुडोकू : 7514

* मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | | | | 1 | | | |
| 4 | | | | | 2 | 3 | | |
| | 8 | | 9 | | 3 | | | |
| 9 | | | | | | | | |
| 7 | 3 | 8 | | 5 | | 2 | 6 | 1 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | | 3 | | 6 | | 5 | |
| | | 1 | 8 | | | | | 3 |
| | | | 1 | | | | 9 | 2 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 7513

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 3 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 4 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 8 | 2 | 5 |
| 2 | 8 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 2 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 8 | 1 | 6 | 4 |
| 8 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 5 | 3 | 9 |

# जीडीपी के आंकड़े देख झूमे सेंसेक्स और निफ्टी

मुंबई, एजेंसी। घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तगड़ी छलांग लगाते हुए अब तक के सबसे ऊंचे मुकाम पर पहुंच गए। प्रभावी जीडीपी आंकड़ों और विदेशी निवेशकों का आकर्षण बढ़ने से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने ही डेढ़ प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ सर्वकालिक उच्चतम स्तर हासिल किया।

सेंसेक्स 1,245.05 अंक उछलकर 73,745.35 अंक पर पहुंच गया। यह इसका सर्वकालिक उच्च स्तर है। कारोबार के दौरान यह 1,318.91 अंक यानी 1.81 प्रतिशत तक उछलकर 73,819.21 के रिकॉर्ड इंट्रा-डे शिखर पर भी पहुंच गया था।

निफ्टी भी 355.95 अंक की छलांग लगाते हुए 22,338.75 के नए समापन स्तर पर बंद हुआ।



### बाजार में तेजी की प्रमुख वजह

बाजार की इस तेजी के पीछे अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रहने का आंकड़ा सामने आने की प्रमुख भूमिका रही। यह पिछले डेढ़ वर्षों में सबसे अधिक तिमाही वृद्धि है। इसके अलावा शुक्रवार को आए पीएमआई आंकड़ों ने भी फरवरी में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी के संकेत दिए।

### शनिवार को बाजार का विशेष कारोबारी सत्र

बीएसई और एनएसई बड़े व्यवधान या नाकामी से निपटने की अपनी तैयारी को परखने के लिए शनिवार को इक्विटी एवं इक्विटी डेरिवेटिव खंड में विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन करेंगे। विशेष कारोबारी सत्र के दौरान लेनदेन को प्राथमिक साइट (पीआर) से आपदा बहाली (डीआर) साइट पर स्थानांतरित करके उसकी कार्यप्रणाली को जांचा जाएगा। शनिवार को दो सत्र आयोजित होंगे। पहला सत्र पीआर पर सुबह 9:15 बजे से 10 बजे तक और दूसरा सत्र डीआर साइट पर सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक चलेगा।

## विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि पांच महीने के शीर्ष पर

नई दिल्ली, एजेंसी। कारखाना उत्पादन और बिक्री में तेज बढ़ोतरी के बीच फरवरी में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें घरेलू और बाहरी मांगों की अहम भूमिका रही।

जारी मासिक सर्वेक्षण से देश का विनिर्माण परिदृश्य बेहतर होने की तस्वीर सामने आई। यह सितंबर, 2023 के बाद विनिर्माण क्षेत्र की सबसे अच्छी स्थिति की ओर इशारा करता है।

## अप्रत्याशित लाभ कर में इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने शुक्रवार से घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 3,300 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 4,600 रुपये प्रति टन कर दिया है।


डीजल के निर्यात पर लगने वाले कर को 1.50 रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया है।

## जीएसटी संग्रह में 12.5 फीसदी का उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से फरवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 12.5 प्रतिशत बढ़कर 1.68 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में कुल सकल जीएसटी संग्रह 18.40 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के कर संग्रह से 11.7 प्रतिशत अधिक है। कर संग्रह में इस मजबूत वृद्धि के पीछे घरेलू लेनदेन से शुल्क में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि और वस्तुओं के आयात से जीएसटी में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि की अहम भूमिका रही। अप्रैल 2023 में सबसे ज्यादा 1.87 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी जुटाया गया था।

### सरकार के खजाने में बढ़त जारी




### बाजार 30s

शेयर बाजार

| सेंसेक्स | | निफ्टी | |
|---|---|---|---|
| 73745 | +1245.05 | 22338 | +355.95 |

### देश के विदेशी मुद्रा भंडार में तेज बढ़त

नई दिल्ली। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619 अरब डॉलर हो गया। एक सप्ताह पहले कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.13 अरब डॉलर घटकर 616.09 अरब डॉलर रहा था।

**वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट**
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007
फोन: 011-27402400, 27667102, फैक्स नं. 011-27666549

प्रोफेसर राज कुमार, निदेशक और एचओडी, पल्मनेरी मेडिसिन विभाग, वी.पी.सी.आई. के अधीन आईसीएमआर बहु-केन्द्रित कार्य बल परियोजना शीर्षक ''आईसीएमआर का नेटवर्क ऑफ पल्मनेरी फाइब्रोसिस (आईएनपीएफ)'' में निम्नलिखित अस्थायी पदों की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

| क्र सं. | पद | पदों की सं. | पारिश्रमिक मासिक | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सीनियर रिसर्च फैलो | 01 | रु. 35,000/- + 27% एचआरए | 35 वर्ष |
| 2. | प्रोजेक्ट टेक्नीशियन-III | 01 | रु. 18,000/- निश्चित एवं समेकित | 30 वर्ष |

विवरण हेतु, कृपया संस्थान की वेबसाइट www.vpci.org.in देखें। किसी भी आगामी अनुशेष/शुद्धिपत्र को केवल इंस्टीट्यूट की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

सीबीसी 17169/12/0022/2324 निदेशक

**UPSIDA** कार्यालय उप महाप्रबन्धक (सिविल), निर्माण खण्ड-प्रथम
**उ0प्र0 राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
गाजियाबाद। website: https://onlineupsidc.com

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के विभिन्न जनपदों में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में सिविल कार्यों, विकास एवं अनुरक्षण रख-रखाव के कार्यों हेतु सरकारी/सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों/प्राधिकरणों/परिषदों/नगर निकायों में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से अल्पकालीन/पूर्ण कालीन ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | [illegible] | ई-निविदा खोलने की तिथि व समय | अल्पकालीन/पूर्णकालीन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Annual Repair and Maintenance of Miscellaneous Civil Works at I.A. Pilkhani Distt:-Saharanpur | 16.59 | दिनांक 11.03.2024 को 11.00 बजे या इसके पश्चात | अल्पकालीन |
| 2. | Annual Repair and Maintenance of Miscellaneous Civil Works at I.A. Begrajpur Distt:- Muzaffarnagar | 24.95 | दिनांक 11.03.2024 को 11.00 बजे या इसके पश्चात | अल्पकालीन |

उक्त कार्यों की निविदा दिनांक 02.03.2024 को 11.00 बजे से दिनांक 09.03.2024 को सायं 05:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। निविदाताओं द्वारा शपथपत्रों की मूल प्रतियाँ दिनांक 13.03.2024 को सायं 05:00 बजे तक पंजीकृत डाक/व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में जमा की जा सकती है।
नोट : 1. निविदा दाता अपनी निविदाओं में समस्त करों सहित दरें अंकित करें। जीएसटी अलग से देय होगा। 2. निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी बेबसाइट https://onlineupsidc.com पर स्थापित लिंक यूपीएलसी की website: https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

उप महाप्रबन्धक (सिविल), निर्माण खण्ड-प्रथम, उ0प्र0रा0औ0वि0प्रा0, गाजियाबाद।

कार्यकारी अभियंता (ई) का कार्यालय
आरडीएसएस डिवीजन, बिजली विभाग-II
**नई दिल्ली नगर पालिका परिषद**
कमरा नंबर 1804, 18वीं मंजिल, पालिका केंद्र, नई दिल्ली-110001

**शुद्धिपत्र**

कार्य का नाम: एनडीएमसी में आरडीएसएस कार्यों के लिए एससीएडीए/डीएमएस कार्यान्वयन के लिए आरएफपी
निविदा मूल्य: रु.114,45,17,000/-
निविदा आईडी संख्या: 2024_NDMC_251667_1

| शुद्धिपत्र सं. | विवरण | विस्तारित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | बोली जमा करने की अंतिम तिथि | 28-फरवरी-2024 15:30 बजे | 20-मार्च-2024 15:30 बजे |
| | बोली खोलने की तिथि | 28-फरवरी-2024 16:00 बजे | 20-मार्च-2024 16:00 बजे |

अधिक जानकारी https://govtprocurement.delhi.gov.in और https://www.ndmc.gov.in/tenders.aspx पर देखी जा सकती है।
नोट: एनडीएमसी में ई-टेंडर में भाग लेने के लिए एप्लिकेशन सेवाएं प्रदाता एनआईसी के साथ पंजीकरण अनिवार्य है।

कार्यकारी अभियंता (ई) आरडीएसएस

राजधानी शहर के लिए वैश्विक मानदण्ड के लिए तत्पर

**केन्द्रीय विद्यालय**
वि.सु.द, सेक्टर-8, द्वारका, नई दिल्ली-110077
Website: www.kvspgdwarka.edu.in, Email: kvspgdwarkadelhi@gmail.com

**कम्पनियों के पंजीकरण के लिए नोटिस**

केंद्रीय विद्यालय वि.सु.द सेक्टर-8 द्वारका, कंपनियों / आपूर्तिकर्ताओं के पंजीकरण के लिए प्रार्थना पत्र आमंत्रित कर रहे हैं जिसके अंतर्गत खेल वस्तुएँ, स्पोर्ट्स किट, पुरस्कार /स्मृति चिन्ह, पदक संगीत वाद्ययंत्र, बिजली का सामान, विज्ञान प्रयोगशाला का सामान, फ़र्नीचर ठीक करना और नया खरीदना, तम्बू घर, खानपान व्यवस्था, ए.एम.सी कंप्यूटर, फोटोकोपिएर, RO Water Purifier, CCTV Camera, EPBAX, Broadcasting System, PA System, परिवहन सेवा, छपाई व लेखन, स्टेशनरी, दैनिक मजदूरों वाले मजदूरों की भर्ती, किराये की विभिन्न पोशाको के फर्म पंजीकरण हेतु अपने पहचान पत्र / दस्तावेजों के साथ (GST/CGST), लेबर सर्विस प्रदान करने वाले ई .पी एफ़., ई एस आई सर्विस टैक्स संख्या आदि की प्रतिलिपियाँ आवेदन के साथ उपर्युक्त पते पर स्पीड पोस्ट / Registered Speed post द्वारा ही 16.03.2024 तक भेज दें|

प्राचार्या

**इंदिरा गाँधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय**
(प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग,
रा.रा.क्षेत्र दिल्ली के तहत राज्य विश्वविद्यालय)
कश्मीरी गेट, दिल्ली-110006

**विज्ञापन**

इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110006, जिसे 2012 के दिल्ली अधिनियम 09 के तहत स्थापित किया गया था, में कुलपति (वाइस चांसलर) के पद के लिए प्रतिष्ठित स्कालर्स से एतद्द्वारा आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**अनिवार्य योग्यता एवं अनुभव:-**

- उच्चतम स्तर की योग्यता, निष्ठा, नैतिकता और संस्थागत प्रतिबद्धता रखने वाले व्यक्ति को कुलपति (वाइस चांसलर) के पद पर नियुक्त किया जाना है। कुलपति के पद पर नियुक्त होने वाला व्यक्ति एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद होना चाहिए, जिसके पास किसी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के तौर पर न्यूनतम दस वर्ष का अनुभव या अकादमिक नेतृत्व प्रदर्शित करने के प्रमाण के साथ किसी प्रतिष्ठित अनुसंधान और/या अकादमिक प्रशासनिक संगठन में दस वर्ष का अनुभव हो।

**वांछनीय योग्यता:-**

- विश्वविद्यालय से संबंधित इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, प्रबंधन और संबद्ध क्षेत्रों में से एक में प्रतिष्ठित स्कालर और आईजीडीटीयूडब्ल्यू अधिनियम, 2012 के अनुसार उच्च शिक्षा संस्थान में समृद्ध प्रशासनिक और शैक्षणिक अनुभव रखते हों।

विश्वविद्यालय के अधिनियम/कानून, यूजीसी विनियम, 2018, आवेदन का प्रारूप और अन्य विवरण विभाग की वेबसाइट यानी https://tte.delhi.gov.in पर उपलब्ध है।

**आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 15.04.2024 (शाम 05.00 बजे तक) है।** निर्धारित प्रारूप और सीलबंद लिफाफे में आवेदन रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा यहां पहुंच जाना चाहिए:-

**सचिव,**
**प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग (डीटीटीई)**
**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**मुनि माया राम मार्ग, पीतमपुरा, दिल्ली-110034**
ई-मेल द्वारा प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(आर.ऐलिस वाज़)
सदस्य सचिव (खोज-सह-चयन समिति),
आईजीडीटीयूडब्ल्यू और सचिव (टीटीई)

DIP/Shabdarth/Classified/0363/23-24

BLAZERS
SUITS & JACKETS
SALE
Formal & Wedding collection
upto 60% off
Formal • Casual • Party Collection
Men & Women wear
By Economy Sales: 9212758425
ARROW Raymond ColorPlus LOUIS PHILIPPE PARK AVENUE
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

# भारतीय रिज़र्व बैंक
# RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

## भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित संस्थाओं के विरुद्ध शिकायतों का निवारण

### रिज़र्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना (आरबी-आईओएस)

- रिज़र्व बैंक ने अपनी सभी विनियमित संस्थाओं को उनके ग्राहकों से प्राप्त शिकायतों का समाधान करने हेतु अपने स्तर पर एक व्यवस्था बनाए रखने का आदेश दिया है, जिसे विनियमित संस्थाओं का आंतरिक शिकायत निवारण तंत्र माना जाता है।
- रिज़र्व बैंक ने, रिज़र्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना, 2021 (आरबी-आईओएस) के माध्यम से अपनी विनियमित संस्थाओं द्वारा प्रदान की गई सेवाओं में कमियों से संबंधित ग्राहक शिकायतों के समाधान के लिए एक त्वरित और लागत-मुक्त वैकल्पिक शिकायत निवारण तंत्र भी स्थापित किया है।
- बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों, भुगतान प्रणाली प्रतिभागियों और साख सूचना कंपनियों को शिकायत निवारण तंत्र के तहत विनियमित संस्थाओं के रूप में माना जाता है।
- किसी भी विनियमित संस्था के विरुद्ध सभी शिकायतों के लिए आरबी-आईओएस "एक राष्ट्र एक लोकपाल" दृष्टिकोण अपनाता है। अत: शिकायतकर्ता के लिए अब यह जानना आवश्यक नहीं है कि उसे किस लोकपाल योजना/कार्यालय के तहत लोकपाल के पास शिकायत दर्ज करनी चाहिए।
- आरबी-आईओएस के अंतर्गत नहीं आने वाली विनियमित संस्थाओं के विरुद्ध शिकायतों का समाधान भारतीय रिज़र्व बैंक के उपभोक्ता शिक्षण और संरक्षण कक्षों (सीईपीसी) द्वारा किया जाता है।
- आरबी-आईओएस और सीईपीसी के दायरे में आने वाली विनियमित संस्थाओं की सूची https://cms.rbi.org.in पर देखी जा सकती है।

### अगर आपको शिकायत हो तो क्या करें?

शिकायत निवारण हेतु शिकायत के विवरण के साथ संबंधित विनियमित संस्थाओं से संपर्क करना होगा।

### आरबीआई लोकपाल से कब संपर्क करें?

आप निम्नलिखित मामलों में आरबीआई लोकपाल से संपर्क कर सकते हैं :

- 30 दिनों के भीतर कोई उत्तर प्राप्त नहीं होने पर - विनियमित संस्थाओं को की गई **आपकी शिकायत की तारीख से एक वर्ष और 30 दिन के भीतर** कभी भी।
- असंतोषजनक उत्तर प्राप्त होने पर - **संबंधित विनियमित संस्थाओं से उत्तर प्राप्त होने के एक वर्ष के भीतर** कभी भी।

ध्यान दें:

- आरबी-आईओएस में उल्लिखित सभी अपेक्षित विवरण/जानकारी शिकायत में शामिल होनी चाहिए।
- शिकायत किसी अन्य मंच (जैसे न्यायालय) में निपटाई गई /लंबित नहीं होनी चाहिए या आरबीआई लोकपाल द्वारा पहले निपटाई नहीं गई हो।

### शिकायत कैसे दर्ज करें?

विनियमित संस्थाओं के विरुद्ध कोई भी शिकायत निम्न किसी भी माध्यम द्वारा दर्ज की जा सकती है:

- आरबीआई के शिकायत प्रबंध प्रणाली (सीएमएस) पोर्टल के माध्यम से https://cms.rbi.org.in → पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें।
- आरबी-आईओएस के अनुबंध में निर्दिष्ट फॉर्म में भौतिक शिकायत (पत्र / डाक) "केंद्रीकृत प्राप्ति और प्रसंस्करण केंद्र, चौथी मंजिल, भारतीय रिज़र्व बैंक, सेक्टर -17, सेंट्रल विस्टा, चंडीगढ़ - 160017" को प्रेषित की जा सकती है।

### आरबीआई के पास शिकायत दर्ज करने के बारे में अधिक जानकारी कैसे प्राप्त करें?

- कोई भी व्यक्ति आरबीआई के शिकायत निवारण तंत्र पर जानकारी/स्पष्टीकरण के लिए और शिकायत दर्ज करने में मार्गदर्शन प्राप्त करने/पहले से दर्ज शिकायतों की स्थिति को ट्रैक करने के लिए आरबीआई के संपर्क केंद्र से संपर्क कर सकता है।
- संपर्क केंद्र कर्मियों से अंग्रेजी और हिंदी में बात करने की सुविधा पूर्वाह्न 8:00 बजे से अपराह्न 10:00 बजे तक और दस क्षेत्रीय भाषाओं (असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मराठी, मलयालम, ओड़िया, पंजाबी, तेलुगु और तमिल) में बात करने की सुविधा पूर्वाह्न 9:30 बजे से अपराह्न 5:15 बजे तक उपलब्ध है।
- इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम सुविधा के माध्यम से टोल-फ्री नंबर (14448) 24x7x365 भी उपलब्ध है।

### अधिक जानकारी के लिए

कृपया देखें :
भारतीय रिज़र्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना, 2021 पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न - https://www.rbi.org.in/hindi/Scripts/Faqs.aspx?did=56
या
सीएमएस पोर्टल- https://cms.rbi.org.in

Punjab Land of Unlimited Opportunities

मुख्य मंत्री

# भगवंत सिंह मान

के योग्य नेतृत्व में

# सेहत क्रांति के बढ़ते कदम

# 829

## आम आदमी क्लीनिक

पंजाब वासियों को समर्पित




मुख्य अतिथि

## अरविंद केजरीवाल

मुख्य मंत्री, दिल्ली



2 मार्च, 2024

जालंधर, पंजाब

पड़ोसी देश में इस तरह की दूसरी सबसे बड़ी घटना, सात मंजिला इमारत में नहीं थे सुरक्षा के उपकरण

# बांग्लादेश में आग से 46 लोगों की मौत

दुखद

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में गुरुवार देर रात एक सात मंजिला इमारत में लगी भीषण आग से 46 लोगों की मौत हो गई और 22 घायल हुए। आगजनी की ये घटना देश के इतिहास में सबसे भीषण घटनाओं में से एक है।

ये घटना ढाका के बेली रोड इलाके में ग्रीन कोजी कॉटेज में घटी। आग इमारत की पहली मंजिल पर बने रेस्तरां कच्ची भाई में करीब 9.50 बजे लगी और धीरे-धीरे कर अन्य मंजिलों में तेजी से फैली। बचने के लिए लोग ऊपर की मंजिलों की ओर भागे लेकिन तेजी से फैली आग से वह घिर गए।

सूचना पर दमकल व अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। मौके से 75 लोगों को निकाला गया, जिसमें 42 बेहोश थे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सामंत लाल सेन ने बताया कि प्रधानमंत्री शेख हसीना वाणिज्यिक इमारत में आग लगने की इस घटना पर करीब से नजर रख रही हैं।

**शवों को पहचान पाना मुश्किल :** आग में लोगों के शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके थे कि उन्हें पहचान पाना मुश्किल है। कई शव पूरी तरह जल चुके हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर है, आशंका है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है।

**गैस सिलेंडरों से भड़की आग :** अधिकारियों ने बताया कि आग शायद गैस रिसाव के कारण लगी। इमारत के हालात इतने खराब थे कि सीढ़ियों तक पर गैस सिलेंडर रखे हुए थे। हो सकता है इसी में से किसी में गैस रिसाव हुआ। इमारत से निकासी का एक मात्र रास्ता सीढ़ियां ही थीं, लेकिन ये आग से घिरा हुआ था। मौके पर पहुंचे दमलकल कर्मियों ने आग पर देर रात साढ़े 12 बजे काबू पा लिया। मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है।

**39 शवों की पहचान, 31 शव परिजनों को सौंपे गए :** अब तक 39 शवों की पहचान हो चुकी है। इनमें से, कम से कम 31 शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। बाकी शव डीएनए जांच के बाद परिजनों को सौंपे जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सामंत लाल सेन ने बताया कि डीएमसीएच और शेख हसीना नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 22 लोगों का उपचार किया जा रहा है और उनकी हालत नाजुक है।

**इमारत में नहीं थे बचाव के उपाय-** अग्नि सेवा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के महानिदेशक ब्रिगेडियर जनरल मोईनुद्दीन ने जानकारी देते हुए बताया कि इमारत में अग्नि सुरक्षा को लेकर कोई प्रबंध नहीं था और मालिकों को घटना से पहले तीन नोटिस जारी किए जाने के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया गया।



ढाका में गुरुवार देर रात एक इमारत में लगी आग को बुझाने में जुटे अग्निशमन विभाग के कर्मचारी। ● एपी

**75** लोगों को बाहर निकाला, जिनमें से 42 बेहोश थे

## लंदन में आवासीय इमारत में लगी आग

**लंदन।** लंदन के पॉश इलाके साउथ केंसिंग्टन में शुक्रवार को एक आवासीय इमारत में भीषण आग लगी। आग लगने की सूचना पर पहुंचे बचाव दलों ने 130 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस हादसे में 11 लोग घायल हो गए। पंद्रह दमकल की गाड़ियों और 100 से ज्यादा अग्निशामकों ने आग पर काबू पाया। आग भूतल से ऊपरी मंजिल और छत तक फैल गई है। आग को आसपास की इमारतों तक फैलने से रोकने के प्रयास किए गए। देर शाम आग पर काबू पा लिया गया।

## पाकिस्तान में नौ को राष्ट्रपति चुनाव

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान नौ मार्च को होगा, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का लगभग 11 साल बाद फिर से शीर्ष संवैधानिक पद हासिल करना लगभग तय है।

निर्वाचन आयोग ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव नौ मार्च को नेशनल असेंबली और प्रांतीय असेंबली में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक होगा। संबंधित पद के लिए उम्मीदवार शनिवार दोपहर से पहले लाहौर, कराची, पेशावर और क्वेटा में निर्वाचन अधिकारियों के पास नामांकन पत्र दायर कर सकते हैं।

## ईरान में लोगों ने मतदान किया

**दुबई, एजेंसी।** ईरान में संसदीय चुनावों के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने कहा कि आज पूरे विश्व की निगाहें हमारे देश और राष्ट्र के मुद्दों पर हैं।

खामनेई ने कहा कि हम देखना चाहते हैं कि आप इन चुनावों में क्या विकल्प चुनते हैं और परिणाम क्या होंगे। ईरान के सर्वोच्च नेता 84 वर्षीय अयातुल्ला अली खामनेई चुनाव के लिए सबसे पहले वोट डालने वालों में शामिल रहे। शुरुआती परिणामों के शनिवार तक आ जाने की संभावना है। 290 सदस्यीय संसद की सदस्यता के लिए 15,000 उम्मीदवार मैदान में हैं।

विदेश 30s

## गाजा में सात बंधक मारे गए : हमास

**काहिरा।** हमास के सशस्त्र विंग अल-कसम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू उबैदा ने शुक्रवार को कहा कि इजरायली सेना की बमबारी के कारण गाजा में रखे गए सात बंधकों की मौत हो गई। अबू उबैदा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि अल-कसम ब्रिगेड ने पुष्टि की कि गाजा में इजरायल के सैन्य अभियानों के कारण मारे गए बंधकों की संख्या अब 70 से अधिक हो गई है।

## कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का निधन

**टोरंटो।** कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी बेटी कैरोलीन मुलरोनी ने सोशल मीडिया पोस्ट कर कहा कि देश के 18वें प्रधानमंत्री का निधन हो गया, अंतिम घड़ी में पूरा परिवार उनके साथ था। मुलरोनी के परिवार ने पूर्व में कहा था कि उनका प्रोस्टेट कैंसर का इलाज हुआ है और हृदय संबंधी बीमारी भी थी।

## रूस में एलेक्सी नवलनी का हुआ अंतिम संस्कार

**मॉस्को।** रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी का शुक्रवार को मॉस्को के बोरिसोव्स्की कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग जुटे और बिना गिरफ्तारी के डर से पुतिन के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों ने कहा कि नवलनी की मौत दुखद है पर हम हार नहीं मानेंगे। नवलनी को अंतिम बार देखने के लिए लोग आतुर देखे गए। जब उनका ताबूत कब्रिस्तान पहुंचा तो नवलनी समर्थकों ने पुतिन विरोधी नारे लगाए।

## जर्मनी में सैनिक ने चार लोगों को मार डाला

**बर्लिन।** जर्मनी में एक सैनिक ने सरेआम चार लोगों की हत्या करने के बाद आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चारों मृतकों की पहचान हनोवर, ब्रेमैन और ग्रामीण इलाके शीसेल और बोथेल के तौर पर हुई है। इन्हें सैनिक ने उन्हें गोली मार दी थी। मरने वालों में एक बच्चा भी शामिल है। हत्या क्यों कि गई इसका कारण अभी पता नहीं चल सका है।

## पौलेंड के किसानों ने प्रदर्शन किया

**वारसॉ।** मांगों को लेकर शुक्रवार को पोलैंड के किसानों ने लिथुआनिया की सीमा के पास विरोध प्रदर्शन किया। पोलिश किसानों का तर्क है कि कुछ यूक्रेनी अनाज जो लिथुआनिया में लाया जाता है, बाद में यूरोपीय अनाज के रूप में अन्य देशों में पुन: निर्यात किया जाता है। उन्होंने यूक्रेन से अनाज आयात रोके जाने की मांग की। बता दें कि यूरोपीय देशों में किसान दो माह से प्रदर्शन कर रहे हैं।

# भारत के कड़े ऐतराज पर थाईलैंड ने राजदूत हटाया

- चावल खरीद कार्यक्रम पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी
- देश वापस बुलाया, विदेश सचिव को किया नियुक्त

**अबू धाबी, एजेंसी।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी-13) में भारत के चावल खरीद कार्यक्रम पर थाइलैंड की राजदूत ने आपत्तिजनक टिप्पणी की। नई दिल्ली के सख्त विरोध के कारण उन्हें डब्ल्यूटीओ से हटाकर थाईलैंड ने देश वापस बुला लिया। उनके स्थान पर विदेश सचिव को तैनात किया गया है।

डब्ल्यूटीओ में थाईलैंड की राजदूत पिमचानोक वॉनकोर्पोन पिटफील्ड ने एक परामर्श बैठक के दौरान टिप्पणी की थी कि भारत की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर चावल खरीद का कार्यक्रम लोगों के लिए नहीं, बल्कि निर्यात बाजार पर कब्जा करने के लिए है। भारत ने उनकी टिप्पणी को लेकर थाईलैंड सरकार के सामने अपना विरोध दर्ज कराया और डब्ल्यूटीओ प्रमुख, कृषि समिति के प्रमुख केन्या और यूएई के प्रति नाराजगी भी जताई। भारतीय वार्ताकारों ने उन समूहों में भाग लेने से भी इनकार कर दिया था, जहां थाई प्रतिनिधि मौजूद थीं।

भारतीय अधिकारियों ने कहा कि उनके तथ्य गलत थे, क्योंकि सरकार खाद्य सुरक्षा प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए धान की उपज का केवल 40 प्रतिशत ही खरीदती है। बाकी हिस्से को सरकारी स्वामित्व वाली एजेंसियां नहीं खरीदती हैं और इसे भारत से बाजार कीमतों पर निर्यात किया जाता है।

# देवोलीना ने दोस्त की हत्या पर प्रधानमंत्री से मदद मांगी



टीवी अभिनेत्री के दोस्त के साथ अमेरिका में वारदात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीवी अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने बताया कि अमेरिका में उनके दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार को पूर्व बिग बॉस प्रतिभागी देवोलीना ने एक्स पर इस संबंध में पोस्ट लिखकर जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि हत्या के कारण का पता नहीं चल पाया है।

पोस्ट में देवोलीना ने लिखा, मेरे दोस्त अमरनाथ घोष की मंगलवार शाम को अमेरिका के सेंट लुइस अकादमी पड़ोस में गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह अपने परिवार में अकेला था। मां की तीन साल पहले मौत हुई और पिता का बचपन में निधन हो गया था। अभिनेत्री ने बताया कि अमरनाथ की मौत की वजह की बात सामने नहीं आई है। उसके कुछ दोस्तों के अलावा उसके परिवार में लड़ने वाला कोई नहीं बचा है। वह कोलकाता से थे और बेहतरीन डांसर थे। वह शाम को सैर कर रहे थे और अचानक किसी व्यक्ति ने गोली मार दी। उनके मुताबिक, अमेरिका में कुछ दोस्त शव पर दावा करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन अभी तक कोई अपडेट नहीं है।

# सैम ऑल्टमैन पर एलन मस्क ने मुकदमा किया

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने गुरुवार को ओपनएआई व उसके सीईओ सैम ऑल्टमैन पर मुकदमा दायर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि ऑल्टमैन और उनकी कंपनी मानवता के फायदे के लिए एआई का विकास करने के मूल उद्देश्य से हटकर मुनाफा कमाने में जुट गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मुकदमे में सैम ऑल्टमैन के अलावा ओपनएआई के सह-संस्थापक ग्रेग ब्रॉकमैन का भी नाम है। सैन फ्रांसिस्को सुपीरियर कोर्ट में मुकदमा दायर किया गया है। इसमें मस्क ने आरोप लगाए हैं कि उन्होंने ओपनएआई के विकास के लिए वित्तीय मदद की है। यह इस शर्त में दी गई थी कि कंपनी एक गैर-लाभकारी संस्था के रूप में काम करेगी। इस संबंध में ऑल्टमैन और ग्रेग ब्रॉकमैन के साथ समझौता भी हुआ था। मस्क का कहना है कि इस कंपनी का उद्देश्य मनुष्य के फायदे के लिए एआई तकनीक विकसित करना था। पर अब यह कंपनी धन कमाने पर ध्यान दे रही है।



एलन मस्क।



सैम ऑल्टमैन

## माइक्रोसॉफ्ट से समझौता कर पीछे हटने का आरोप

मुकदमे में आरोप लगाए गए हैं कि ओपनएआई ने माइक्रोसॉफ्ट के साथ समझौते कर मिशन से पीछे हटने का काम किया है। कंपनी और उसके शीर्ष अधिकारियों ने समझौते का उल्लंघन किया है और कंपनी का मिशन पीछे छूट गया है। मुकदमे में कहा गया है, ओपनएआई को माइक्रोसॉफ्ट की एक सहायक कंपनी में बदल दिया गया है। अपने नए बोर्ड के तहत यह कंपनी मानवता के लाभ के बजाय माइक्रोसॉफ्ट के मुनाफे में के लिए काम कर रही है।

